www.anokhateer.com anokhateer@gmail.com पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

दैनिक अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

Epaper

29 मार्च 2026
हरदा, रविवार
वर्ष-15, अंक - 290, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र शुक्ल पक्ष - 11
विक्रम संवत् 2082

# अब वन विभाग देगा पेड़ काटने की अनुमति

## नगरीय क्षेत्रों में वन विभाग के फॉरेस्ट रेंजर होंगे ट्री-ऑफिसर

**अनोखा तीर, भोपाल ।** मप्र के सभी 413 नगरीय निकायों में अब निजी या सरकारी जमीन पर पेड़ों के कटाई की परमिशन जिला प्रशासन या नगर निगम के अधिकारी नहीं दे सकेंगे। राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और जिला प्रशासन के अधिकारियों से यह अधिकार छीनकर वन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिए हैं। प्रदेश में अब कहीं भी पेड़ काटने या पेड़ों की छंटाई की परमिशन वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी (फॉरेस्ट रेंजर) से लेनी होगी। यदि वह परमिशन नहीं देता है तो उसकी अपील उप वनमंडल अधिकारी (एसडीओ फॉरेस्ट) के पास करनी होगी।राज्य सरकार ने मप्र वृक्षों का परिरक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम, 2001 की धारा-4 और धारा-9 की शक्तियों का उपयोग करते फॉरेस्ट रेंजर को ट्री-ऑफिसर और उप वन मंडल अधिकारी (एसडीओ) को अपीलीय अधिकारी के रूप में अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने गजट नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।



### कोर्ट ने दो माह पहले दिया था आदेश

मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने फरवरी माह में एक जनहित याचिका पर राज्य सरकार को आदेश दिए थे कि जिला कलेक्टरों को ट्री-ऑफिसर की नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं हैं। यह अधिकार सिर्फ राज्य सरकार को है। इसी याचिका में हाई कोर्ट ने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से इंदौर शहर के एमओजी लाइंस प्रोजेक्ट में हरे-भरे पेड़ों को काटने की अनुमति को रद्द किया गया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया था कि वह वन सेवा के अधिकारियों को ही ट्री ऑफिसर के रूप में नियुक्त करे।

# विवाद के बीच 6 वर्षीय बच्ची पर तलवार से हमला

**अनोखा तीर, भोपाल ।** भोपाल के शाहजहांनाबाद इलाके में 6 साल की मासूम के सिर में तलवार मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धाराओं में इजाफा कर दिया है। पुलिस ने पहले केवल साधारण मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी।
शुक्रवार को पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा में इजाफा किया है। टीआई यूपीएस चौहान ने बताया कि आरोपियों की पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की कोशिश की जा रही है। 6 वर्षीय मिरल अहमद पुत्री फैजान अहमद इंद्र विहार कॉलोनी एयरपोर्ट रोड की रहने वाली है। वह प्राइवेट स्कूल में किंडर गार्डन में पढ़ाई कर रही है। उसके पिता फैजान अहमद पोस्ट ऑफिस में जॉब करते हैं। फैजान के मुताबिक, उनका ससुराल शाहजहांनाबाद इलाके में स्थित नूर महल में है। बुधवार को उनकी पत्नी दोनों बच्चों के साथ मायके में मेहमानी में आई हुई थी।

# भोजशाला पहुंचे हाईकोर्ट जज 53 मिनट किया निरीक्षण

## 2 अप्रैल की सुनवाई से पहले अहम दौरा, एएसआई रिपोर्ट पर सभी पक्षों की नजरें टिकी



**धार (एजेंसी)।**

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में शनिवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीश विजय कुमार शुक्ला पहुंचे, जहां उन्होंने परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। आगामी 2 अप्रैल को होने वाली अहम सुनवाई से पहले इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोपहर 1 बजकर 52 मिनट पर न्यायाधीश सीधे भोजशाला परिसर पहुंचे। उनके साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी भी मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच न्यायाधीश ने करीब 53 मिनट तक परिसर में रहकर हर हिस्से का बारीकी से मुआयना किया।

### 2 अप्रैल को होना है अगली सुनवाई

गौरतलब है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा लगभग 98 दिनों तक किए गए सर्वे की रिपोर्ट उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है और इसकी प्रतियां सभी पक्षकारों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। 16 मार्च को इंदौर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान पक्षकारों से दावे और आपत्तियां मांगी गई थीं, उसी दौरान न्यायाधीश ने स्थल का निरीक्षण करने की बात कही थी। भोजशाला को लेकर चल रहे कानूनी विवाद और वैज्ञानिक सर्वेक्षण की मांगों के बीच अब इस दौरे के बाद सभी की निगाहें 2 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हुई हैं,

# मध्य प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में लागू होगा उत्तरप्रदेश मॉडल

- काशी मॉडल सीखने जाएंगे एमपी के अफसर, एआई-ड्रोन से संभालेंगे महाकुंभ की भीड़

**अनोखा तीर, भोपाल ।** मध्य प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों पर बढ़ती भीड़ के बेहतर प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर अब उत्तर प्रदेश के मॉडल से सीख लेगी। इसी क्रम में मप्र के वरिष्ठ अधिकारी वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम में अपनाई गई अत्याधुनिक क्राउड मैनेजमेंट प्रणाली का अध्ययन करेंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 मार्च को वाराणसी में आयोजित निवेश सम्मेलन में शामिल होंगे। इस दौरान वे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का दौरा कर भीड़ प्रबंधन, कॉरिडोर डिजाइन और संचालन व्यवस्था का जायजा लेंगे तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करेंगे। प्रदेश के अधिकारियों को ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कैमरों और जियोस्पेशियल तकनीकों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इन नवाचारों का उपयोग वर्ष 2028 में प्रस्तावित उज्जैन महाकुंभ में करने की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारी आधुनिक भीड़ प्रबंधन पर प्रेजेंटेशन भी देंगे, जिसका उपयोग आगे चलकर उज्जैन के महाकाल मंदिर सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक परिसरों में किया जाएगा।



### एमओयू के जरिए सहयोग बढ़ाने की तैयारी

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी), पर्यटन और पारंपरिक कला की साझा ब्रांडिंग को लेकर एक समझौता (एमओयू) किया जाएगा। निवेश सत्र में मप्र में निवेश की संभावनाओं, जीआई टैग और ओडीओपी के तहत किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा होगी। उत्तर प्रदेश अपने सफल ओडीओपी उत्पादों जैसे बनारसी सिल्क, लखनऊ की चिकनकारी, आगरा-कानपुर के लेदर उद्योग और भदोही के हस्तनिर्मित कालीन के जरिए ब्रांड निर्माण की रणनीति प्रस्तुत करेगा। वहीं, मध्यप्रदेश चंदेरी और महेश्वर जैसे पारंपरिक वस्त्रों की गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर और धार्मिक सर्किट पर फोकस- बैठक में गंगा-नर्मदा क्राफ्ट कॉरिडोर विकसित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा काशी-उज्जैन-चित्रकूट को जोड़ते हुए धार्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने की योजना पर भी विचार किया जाएगा, जिससे दोनों राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एमपी-यूपी सहयोग को मिलेगा नया आयाम

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार 31 मार्च 2026 को वाराणसी में आयोजित होने वाले 'एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026' के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा।




### अध्ययन भ्रमण से विकसित होगा आधुनिक तीर्थ प्रबंधन का दृष्टिकोण

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां क्राउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का गहन अवलोकन किया जाएगा। यह भ्रमण केवल एक निरीक्षण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक शहरी नियोजन और तीर्थस्थल प्रबंधन के सफल मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा। इस अनुभव के आधार पर मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा।

**ओडीओपी, जीआई और निर्यात योग्य उत्पादों को मिलेगा एकीकृत वैश्विक मंच-** सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तरप्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे।

# बस पलटने से बुजुर्ग की मौत, 15 यात्री घायल

## सभी को अस्पताल पहुंचाया, 20 यात्री सवार थे



**आगर मालवा (एजेंसी)।** आगर मालवा में शनिवार सुबह निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा बड़ागांव के पास हुआ। हादसे में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक यात्री घायल हो गए।

बस सुसनेर से नलखेड़ा होते हुए कुरावर जा रही थी। बड़ागांव के पास सड़क पर बुजुर्ग भैंस लेकर जा रहा था। बताया गया है कि बस चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी की मौत हो गई। टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मृतक की पहचान गोकुल (55) सिंह पिता भगवान सिंह यादवके रूप में हुई है।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाया

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए नलखेड़ा अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी रविन्द्र कुमार बोयट और बड़ागांव चौकी प्रभारी सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भोपाल-उज्जैन समेत 40 जिलों में अलर्ट, आंधी भी चल सकती है

**अनोखा तीर, भोपाल ।**

कल शुक्रवार शाम सतना के चित्रकूट में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। यहां 21 लाख दीप जलाए जाने थे, लेकिन बारिश से अधिकांश दीपों में पानी भर गया।

मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है। इसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। इस दौरान भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत लगभग 40 जिलों में बारिश और तेज हवा चलने का अलर्ट है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। हालांकि, 28 मार्च (शनिवार) को प्रदेश में गर्मी का असर ज्यादा था।

# प्रदेश में आज से लगातार 3 दिन बारिश की संभावना



**पहले भी बदला था मौसम, अब नया सिस्टम आएगा-** शुक्रवार को साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की वजह से ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर और जबलपुर संभाग के कई जिलों में बादल छाए रहे और मौसम बदला हुआ नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार, यह सिस्टम शनिवार तक कमजोर हो जाएगा, जिससे गर्मी बढ़ेगी। इसके बाद 29 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिसका सबसे ज्यादा असर 30 और 31 मार्च को देखने को मिलेगा। सतना के चित्रकूट में शुक्रवार शाम तेज आंधी और बारिश हुई, जिससे रामनवमी का आयोजन प्रभावित हो गया। यहां 21 लाख दीप जलाने की तैयारी थी, लेकिन बारिश से ज्यादातर दीप बुझ गए और मंच को तिरपाल से ढकना पड़ा।

# युद्ध की आड़ में 15 रुपए महंगी बेच रहे थे एलपीजी

## 'गो गैस' पंप सील, अवैध वसूली पर प्रशासन का बड़ा एक्शन



**सागर (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार और वैश्विक युद्ध की परिस्थितियों का फायदा उठाकर अवैध मुनाफाखोरी करने वालों पर प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। मध्य प्रदेश के सागर जिले में ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच एलपीजी के दाम मनमाने तरीके से बढ़ाने वाले 'गो गैस' पंप पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर पंप को अस्थाई रूप से सील कर दिया गया है। दरअसल ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव की खबरों के बीच सागर स्थित राहतगढ़ बस स्टैंड के पास संचालित गो गैस एलपीजी पंप पर अचानक ग्राहकों से प्रति लीटर 15 रुपए अतिरिक्त वसूले जाने लगे।

### बिना कंपनी-सरकारी आदेश के दाम बढ़ा दिए

एसडीएम की जांच में सामने आया कि पंप संचालक ने बिना किसी कंपनी या सरकारी आदेश के अचानक कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी थी। जब अधिकारियों ने मूल्य वृद्धि से संबंधित दस्तावेज और कंपनी के आदेश मांगे, तो संचालक कोई भी पुख्ता सबूत पेश नहीं कर सका। संचालक का कहना था कि कीमतें कंपनी द्वारा बढ़ाई गई हैं, लेकिन वह इसके कागजात मौके पर नहीं दिखा पाया।

**प्रशासनिक छापेमारी और कार्रवाई-** शिकायत मिलते ही कलेक्टर संदीप जीआर ने मामले पर तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी निशांत पांडे की टीम को मौके पर भेजकर जांच-पड़ताल कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

**दस्तावेज पेश करने के निर्देश-** प्रशासन ने मौके पर ही 'पंचनामा' तैयार कर गैस वितरण को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया है। पंप को आगामी आदेश तक बंद रखने और जल्द से जल्द दस्तावेज प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वैश्विक परिस्थितियों का फायदा उठाकर यदि कोई भी व्यापारी या पंप संचालक कालाबाजारी या अवैध वसूली करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि यदि कहीं भी निर्धारित मूल्य से अधिक की वसूली हो रही है, तो तुरंत खाद्य विभाग या जिला प्रशासन को सूचित करें।

## भोपाल में 35 हजार गैस सिलेंडर की बुकिंग पेंडिंग

### मंत्री बोले- बॉटलिंग प्लांट में पर्याप्त स्टॉक, प्रदेश में किल्लत नहीं



**अनोखा तीर, भोपाल ।**

मध्य प्रदेश में एलपीजी और पेट्रोल-डीजल को लेकर अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट देखने को मिल रही है। भोपाल में सिलेंडर की बुकिंग सामान्य से करीब 5 गुना तक बढ़ गई है। एक एजेंसी पर शुक्रवार को 1600 बुकिंग दर्ज हुईं, जबकि स्टॉक सिर्फ 350 सिलेंडर का था।

### प्रदेश में अफवाह से बढ़ी बिक्री...

अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन सख्त है। भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने ऐसे मामलों में एफआईआर के निर्देश दिए हैं। पिछले चार दिनों से पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ी है। कई शहरों में लोग सुबह से ही लाइन में लग रहे हैं, जबकि सरकार बार-बार स्पष्ट कर चुकी है कि प्रदेश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। अब तक 2046 जगहों पर जांच की गई है और 2888 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

### सरकार ने साफ किया गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बॉटलिंग प्लांट और सप्लाई सिस्टम पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। पेट्रोल पंपों की स्थिति बड़े शहरों में सामान्य है, लेकिन छोटे शहरों में अफवाह का असर ज्यादा दिख रहा है। कुछ जगहों पर पैनिक बाइंग के कारण बिक्री 2 से 2.5 गुना तक बढ़ गई, जिससे अस्थायी रूप से लंबी लाइनें और स्टॉक खत्म होने जैसी स्थिति बनी। प्रदेश में रोजाना करीब 1.85 करोड़ लीटर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई हो रही है।

# इंदौर में पिता की आंखों के सामने कार में जिंदा जल गया 4 साल का मासूम

## रूह कंपा देगा यह हादसा



**अनोखा तीर, इंदौर ।** मध्य प्रदेश के इंदौर में रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। अपने 4 साल के मासूम बेटे को कार में घुमाने निकले पिता की आंखों के सामने मासूम जिंदा ही कार में जल गया। लपटों से घिरी कार के अंदर बच्चे की चीखें और बाहर पिता की चित्कार ने सबको हिला दिया।

इंदौर-खंडवा रोड पर शनिवार दोपहर हृदयविदारक घटना सामने आई, जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। सिमरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेल सिटी के सामने एक स्विफ्ट कार में अचानक भीषण आग लग गई। इस हादसे में कार के अंदर बैठे 4 वर्षीय मासूम चिराग की जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार, मृतक बच्चा चिराग अपने पिता संजय बढ़िया के साथ घूमने निकला था। संजय पेशे से मैकेनिक हैं और घटना के वक्त सेल सिटी के पास डीजे वाली एक गाड़ी का काम कर रहे थे। चिराग पास ही खड़ी स्विफ्ट कार में बैठा हुआ था। अचानक कार से धुआं उठने लगा और देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों से घिर गई।

# किसने दिया आपको मस्जिद सील करने का अधिकार

- हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाब
- पूछा-सुनवाई का अवसर दिए बिना कैसे कर दिया सील

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूजा स्थल, मस्जिद के मामले पर एक बार फिर यूपी सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ने उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा है कि क्या वह बिना किसी पूर्व सूचना या संपत्ति मालिकों को सुनवाई का अवसर दिए बिना किसी पूजा स्थल और मस्जिद को सील कर सकती है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 मार्च सुनवाई के बाद आदेश जारी किया। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि वह किस कानूनी अधिकार के तहत किसी पूजा स्थल को सील कर सकती है। न्यायालय ने राज्य से पूछा, क्या बिना पूर्व सूचना जारी किए या याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिए बिना निर्माणाधीन पूजा स्थल को सील करने का कोई



कानूनी अधिकार है। साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या पूजा स्थल परिसर के भीतर निर्माण आदि करने के मामले में मालिकों से किसी पूर्व अनुमति की आवश्यकता होती है। मामला मुजफ्फरनगर से जुड़ा है। जिले में एक मस्जिद को सील किए जाने के खिलाफ अहसान अली ने इलाहबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसी मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में कहा कि वह मुजफ्फरनगर के एक गांव में स्थित एक भूखंड के वैध स्वामी हैं। उन्होंने यह भूमि प्रवीण कुमार जैन से 2019 में विधिवत पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से खरीदी थी। हाल ही में अधिकारियों ने भूमि पर निर्मित मस्जिद को सील कर दिया, क्योंकि मालिकों ने उसके चारों ओर सीमा बनाना शुरू कर दिया था।

- अयोध्या में नारियल फटने के बाद धधक उठे पंडाल

# दयाशंकर सिंह के महायज्ञ में लगी भीषण आग

**अयोध्या (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां शनिवार को सरयू नदी के किनारे चल रहे महायज्ञ में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ही आग की लपटों ने पूरी यज्ञशाला को घेर लिया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और दमकल की 6 गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।




बताया जा रहा है कि यज्ञ में महा- आहुति के तौर पर चढ़ाए गए नारियल के फटने से यह हादसा हुआ। हालांकि, पुख्ता तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। जानकारी के मुताबिक, अयोध्या में सरयू के किनारे माझा जमथरा में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ चल रहा है। रामनवमी के अवसर पर इस महायज्ञ का आयोजन यूपी सरकार में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की तरफ से कराया गया था। यह यज्ञशाला अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से महज 800 मीटर दूर है। शनिवार को महायज्ञ में गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि अचानक यज्ञशाला में चढ़ाया गया एक नारियल फटा और उसकी वजह से आग लग गई। आग की घटना बेहद भयावह थी और कुछ ही देर में पूरी यज्ञशाला धधक उठी। तुरंत मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### इथेनॉल से बच गए देश के 1.5 लाख करोड़

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया किसानों का आभार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि देश में इथेनॉल का उत्पादन बढ़ने से कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम हुई है और विदेशी मुद्रा की भारी बचत हुई है। उन्होंने कहा कि देश में इथेनॉल का उत्पादन नहीं बढ़ता और पेट्रोल में उसकी ब्लेंडिग नहीं बढ़ती तो सालाना चार करोड़ बैरल अतिरिक्त कच्चे तेल विदेशों से मंगाना पड़ता। किसानों की मेहनत से देश को इस संकट की घड़ी में राहत मिली है।



ईरान संकट के कारण दुनिया में कच्चे तेल की कीमत में भारी तेजी आई है। मोदी ने दिल्ली के करीब जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के बाद कहा, आपके गन्ने से जो इथेनॉल बनाया गया है, उससे कच्चे तेल पर देश की निर्भरता कम हुई है। अगर एथेनॉल का उत्पादन न बढ़ता, पेट्रोल में उसकी ब्लेंडिंग ने बढ़ती तो देश को हर साल साढ़े चार करोड़ बैरल यानी करीब 700 करोड़ लीटर कच्चा तेल विदेशों से मंगवाना पड़ता। किसानों के परिश्रम ने देश को संकट में इतनी बड़ी राहत दी है। प्रधानमंत्री ने साथ ही कहा कि इथेनॉल से देश के साथ-साथ किसानों को भी फायदा हुआ है।

### इजराइल की ईरान पर 50 फाइटर जेट से एयरस्ट्राइक

- एटमी ठिकानों को निशाना बनाया ईरान ने सऊदी पर 6 मिसाइलें दागीं

तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी)। ईरान-इजराइल जंग के 28 दिन बाद अब हूती विद्रोही भी इसमें शामिल हो गए हैं। इजराइल ने ईरान के अंदर 50 फाइटर जेट्स से हमला किया। इजराइली सेना के मुताबिक शुक्रवार रात ईरान के तीन इलाकों में हथियार बनाने वाली फैक्ट्रियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। सेना ने बताया कि ये हमले खुफिया जानकारी के आधार पर किए गए और कई घंटों तक चले। हमलों में अराक और यज्द जैसे




अहम इलाके शामिल थे। जिन ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें हथियार बनाने वाली सैन्य इंडस्ट्री और बैलिस्टिक के साथ एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल के पुर्जे बनाने वाली फैक्ट्री शामिल थी। इसके अलावा अराक में मौजूद हेवी वॉटर प्लांट पर भी हमला किया गया, जिसे इजराइल ने परमाणु हथियारों के लिए प्लूटोनियम तैयार करने में अहम बताया है। वहीं यज्द में उस प्लांट को भी निशाना बनाया गया, जहां यूरेनियम संवर्धन (एनरिचमेंट) के लिए जरूरी विस्फोटक सामग्री तैयार की जाती है।

# चीन सीमा पर तीन गुना बढ़ी सेना की पेट्रोलिंग

- लद्दाख इलाके में आईटीबीपी के 29 नए आउटपोस्ट बने

**पाकिस्तान-बांग्लादेश बॉर्डर पर एंटी ड्रोन-सेंसर से निगरानी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर और गलवान झड़प के बाद सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर एंटी-ड्रोन, सेंसर और लेजर की मदद से निगरानी शुरू की गई है। वहीं, लद्दाख में चीन सीमा पर 29 नए आउटपोस्ट बनाए गए हैं। साथ ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय की ऐन्यूअल रिपोर्ट 2024-25 के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान सीमा पर जम्मू क्षेत्र और भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम के धुबरी में 5-5 किमी इलाके में 'कंप्रीहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम' के दो पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। यह कई तकनीकों और संसाधनों का एक नेटवर्क है। वहीं, म्यांमार सीमा पर अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में नया सिस्टम लगा है।

- **पहली बार एंटी-ड्रोन सिस्टम पर फोकस-** सीमाओं पर ड्रोन के बढ़ते खतरे को देखते हुए सुरक्षा बलों को स्पेशल ट्रैनिंग और मॉडर्न उपकरणों से लैस किया जा रहा है। यह सिस्टम अवैध हवाई घुसपैठ का पता लगाने और उसे खत्म करने में प्रभावी है। जीपीएस लेयर और पीएम गति शक्ति पोर्टल का इस्तेमाल सीमावर्ती बुनियादी ढांचे की सटीक मैपिंग और रणनीतिक योजना बनाने के लिए किया जा रहा है। यह संवेदनशील इलाकों की निगरानी सुनिश्चित करता है। आईटीबीपी ने 2022 से 2024 के बीच 29 नए बॉर्डर आउटपोस्ट बनाए हैं। इससे कुल संख्या 209 हो गई है। यह बढ़ोतरी जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद की गई है।

### रूस ने 4 महीने के लिए पेट्रोल निर्यात रोका

- 1 अप्रैल से लागू, भारत पर कम

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। इस फैसले से चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर प्रभावित हो सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीददार हैं।

# इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल, दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

- वाइब्रेशन के बाद एक इंजन बंद हुआ, दूसरे से उतारा, 160 पैसेंजर सवार थे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विशाखापट्टनम से आ रही इंडिगो फ्लाइट 6 ई 579 का इंजन फेल हो गया। जिसके बाद उसकी दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सभी 160 यात्री सुरक्षित हैं। विमान की सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए एयरपोर्ट के रनवे 28 पर फुल इमरजेंसी लागू की गई थी।

सुरक्षा के तहत, रनवे के चारों ओर दमकल की गाड़ियां और एंबुलेंस मौजूद थीं। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, शनिवार सुबह 10.53 बजे इमरजेंसी कॉल आया। टीम को अलर्ट पर रखा गया था। हालांकि विमान बोइंग 737 ने 10.59 पर सुरक्षित लैंडिंग की। इंडिगो एयरलाइंस के प्रवक्ता ने कहा, विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 579) में लैंडिंग से पहले तकनीकी खराबी (टेक्निकल स्नैग) सामने आई। सुरक्षा के तौर पर पायलट ने तुरंत लैंडिंग की अनुमति मांगी। विमान एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड हुआ। विमान की जांच की जा रही है। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

# मात्र 35 दिनों में वेस्ट यूपी को मिल गए 4 बड़े प्रोजेक्ट

- सीएम योगी और पीएम मोदी ने मारा 'विकास का चौका'

**नोएडा (एजेंसी)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश को इनदिनों लगातार तोहफे मिल रहे हैं। पिछले 35 दिनों के भीतर चार बड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर स्थित देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ किया। 5 हजार एकड़ से ज्यादा एरिया में फैले इस एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन जून से शुरू हो जाएगा। इससे पहले नोएडा में ही सेमी कंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ था। इसी तरह दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो की शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही की है। जेवर में आयोजित विशाल जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार ने पिछले 35 दिनों के भीतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है।

**देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का शुभारंभ**



- **नोएडा में सेमी कंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास-** 21 फरवरी, 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर इकाई का शिलान्यास ग्रेटर नोएडा में किया था। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। यह परियोजना 4 हजार करोड़ रुपये की लागत से 48 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही है। फॉक्सकॉन और एचसीएल कंपनी की तरफ से इस प्रोजेक्ट पर करीब 3700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एक दिन बाद ही पीएम मोदी देश की पहली रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर का शुभारंभ किया।

### रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदेगा भारत

- 2.38 लाख करोड़ के रक्षा सौदे को भारत सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सरकार ने सेना को मजबूत करने के लिए 2.38 लाख करोड़ के अहम रक्षा सौदों को मंजूरी दी है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने शुक्रवार को रूस से पांच और स-400 लंबी दूरी की सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम खरीदने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। एस-400 ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी क्षमता दिखाई थी। सीईसी ने कई अन्य अहम खरीद प्रस्तावों को भी मंजूरी दी, जिनमें भारतीय वायु सेना के लिए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और रिमोट से चलने वाले स्ट्राइक एयरक्राफ्ट की खरीद भी शामिल है। साथ ही सेना के लिए आर्मर्ड पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद और धनुष गन सिस्टम भी खरीदा जाएगा। इन सभी प्रस्तावों की कुल कीमत लगभग 2.38 लाख करोड़ रुपये है। एस-400 के लिए मंजूरी पिछले साल मिली थी।

# चुनाव में विक्टिम कार्ड खेलती हैं ममता बनर्जी

**शाह बोले-कभी पैर तुड़वाती हैं तो कभी सिर पर पट्टी बंधवाती हैं**





**कोलकाता (एजेंसी)।** गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कोलकाता में ममता सरकार के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) जारी किया। शाह ने कहा, 'इसमें टीएमसी सरकार के 15 साल के काले कारनामों का जिक्र है, ये जनता की चार्जशीट है। बंगाल में अराजकता और बदहाली है। यहां की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है।' उन्होंने कहा, 'ममता दीदी ने हमेशा विक्टिम कार्ड की राजनीति की है। कभी पैर तुड़वा लेती हैं, कभी सिर पर पट्टी बंधवा लेती हैं, कभी बीमार हो जाती हैं और कभी ईसी को गालियां देती हैं।

### शाह की बड़ी बातें

- **घुसपैठ पर :** बंगाल का चुनाव बंगाल के साथ-साथ पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण है। पूरे देश की सुरक्षा एक प्रकार से बंगाल के चुनाव के साथ जुड़ी है। असम में भाजपा सरकार बनने के बाद असम से घुसपैठ लगभग समाप्त हो गई है। अब एक ही रास्ता बचा है, जहां से पूरे देश में घुसपैठिए फैलते हैं और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं।
- **सिंडिकेट पर :** टीएमसी के कुशासन में बंगाल भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बन चुका है। ऊपर से नीचे तक आपराधिक सिंडिकेट जनता को परेशान कर रहे हैं। विकास के अभाव में बंगाल उद्योग के लिए एक प्रकार से कब्रगाह बन चुका है।



# भारत के वास्ते, एक बार फिर खुल गए होर्मुज के रास्ते

- दो और जहाज ने पार की सीमा, इंडियन नेवी ने संभाला मोर्चा


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत आने के लिए दो और व्यापारिक जहाज ईरान के युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजर रहे हैं। भारत आ रहे इन जहाजों पर पेट्रोलियम पदार्थ लदा हुआ है। भारत आ रहे दोनों जहाजों को कवर देने के लिए भारतीय नेवी के युद्धपोतों को स्टैंडबाय मोड में तैनात रखा गया है। उम्मीद है इन जहाजों के होर्मुज से गुजरने के बाद कुछ और जहाजों को भी इसी तरह से निकलने का रास्ता मिल सकता है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि भारत के लिए पेट्रोलियम उत्पाद ले जा रहे दो और व्यापारिक जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे हैं। उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत तैयार स्थिति में हैं।



सूत्रों के अनुसार, जल्द ही और जहाजों के भी उनके पीछे आने की उम्मीद है। शिप ट्रैकर वेबसाइटों के अनुसार भारतीय झंडे वाले पांच एलपीजी कैरियल भारत आ रहे हैं। ये जहाज दुबई-रास अल खैमाह के उत्तर में होर्मुज स्ट्रेट के ठीक दक्षिण-पश्चिम में लंगर डाले खड़े हैं। ये जहाज एक साथ जमा हो रहे हैं, ताकि वे होर्मुज से बाहर निकल सकें। इन जहाजों पर 1.7 लाख टन से ज्यादा एलपीजी है।

### ईरान ने 26 जहाजों को गुजरने की दी मंजूरी

गार्ड्स ने सेपाह न्यूज वेबसाइट पर कहा, आज सुबह अमेरिका के भ्रष्ट राष्ट्रपति के इस झूठे दावे के बाद कि होर्मुज स्ट्रेट खुला है, अलग-अलग देशों के तीन कंटेनर जहाजों को... नौसेना की चेतावनी के बाद वापस भेज दिया गया। हाल ही में ईरान ने कुल 26 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की मंजूरी दी है। ये जहाज देश के तट के पास स्थित लारक द्वीप के चारों ओर बने एक रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। इनमें से ज्यादातर जहाजों का मालिकाना हक यूनान और चीन के पास था, जबकि कुछ जहाज भारत, पाकिस्तान और सीरिया के भी थे।



## कैंपस ड्राइव में 119 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन

**अनोखा तीर, हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 व 28 मार्च को पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में डैकिन एसी कंपनी की दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि शनिवार को कैंपस ड्राइव में हरदा, बैतूल और खंडवा के डिप्लोमा अंतिम वर्ष के 147 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ट्रेनिंग प्लेसमेंट अधिकारी विकास भुमरकर ने बताया कि इस दौरान राजस्थान और आंध्र में स्थित प्लांट के लिए कुल 119 विद्यार्थियों का प्रारंभिक चयन हुआ।



# सार-समाचार

## ज्ञान गंगा स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम के साथ नवनिर्मित स्टेज का लोकार्पण

**अनोखा तीर, हरदा।** ज्ञान गंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी




गईं। इसी अवसर पर विद्यालय परिसर में नवनिर्मित स्टेज का विधिवत शुभारंभ भी किया गया। मंच का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा फीता काटकर किया गया। नए स्टेज के निर्माण से विद्यालय के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं अन्य कार्यक्रमों को नई पहचान मिलेगी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह स्टेज विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने खुशी व्यक्त की और विद्यालय परिवार ने इसे विद्यालय की एक नई उपलब्धि बताया। समारोह का समापन विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के बीच हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## भाजपा नगर मंडल के प्रशिक्षण वर्ग को लेकर हुई बैठक

**अनोखा तीर, हरदा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 28 एवं 29 मार्च को रखा गया है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी हेतु भाजपा संचालन टोली की बैठक



आयोजित की गई, जिसमें जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा हरदा जिले में होने वाले मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग हेतु व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई एवं विस्तृत चर्चा की गई। मंडल प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल हरदा का प्रशिक्षण वर्ग 28 एवं 29 मार्च को संपन्न होगा। इसी तारतम्य में सभी मंडलों का प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम अलग-अलग स्थानों पर संपन्न होगा।

## राहगीरों के लिए की शीतल जल की व्यवस्था

**अनोखा तीर, चारुवा।** जन अभियान परिषद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत जादोपुरा चारुवा में ठंडे पानी की प्याऊ लगाई गई। जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था युवा उपभोक्ता कल्याण समिति चारुवा द्वारा जल गंगा संवर्धन एवं जल संरक्षण अभियान का आयोजन किया गया। समिति के जिला अध्यक्ष संजय गंगराड़े ने बताया



कि समाजसेवी प्रकाश दशोरे के सहयोग से घर के सामने राहगीरों को पीने के लिए ठंडे जल की प्याऊ स्थापित की गई है। इस मार्ग से बड़ी संख्या में यात्री आवागमन करते हैं, ऐसे में बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को ठंडा जल उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। युवा उपभोक्ता कल्याण समिति द्वारा लोगों को अपने घरों के सामने प्याऊ लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिनके पास पर्याप्त जल की व्यवस्था है, वे अपने घरों के सामने पीने के पानी की व्यवस्था कर सकते हैं, जिसे सच्ची सेवा बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं जल संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी गई और सभी को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में शुभम राय, चिराग गंगराडे, दीपक सावनेर सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह आज

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा 29 मार्च रविवार को नर्मदेश्वर मंदिर, एल.आई.जी. कॉलोनी में शाम 5 बजे होली मिलन समारोह रखा गया है। इस दौरान पेंशनरों की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा। संगठन के जिला अध्यक्ष श्यामलाल बोघे ने सभी पेंशनर साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# रंगोली, नृत्य और गीतों के साथ स्नेह सम्मेलन संपन्न

**अनोखा तीर, टिमरनी।**

भाऊ साहेब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय, टिमरनी में एक दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसके पश्चात वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. मीनाक्षी यादव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. सुनीत काशिव ने रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. जेके जैन ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की गईं। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एकल गायन प्रतियोगिता में कश्यपि शर्मा, दीपिका लोट, सुजल विश्वकर्मा, ललित राज, गौरव परिहार एवं संजना ऊईके ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। स्वरचित कविता पाठ में गौरव परिहार, आयुष बोरासी एवं संजना ऊईके ने




प्रभावशाली रचनाएं प्रस्तुत कीं। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में संजना ऊईके ने उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। वहीं 1 मिनट प्रतियोगिता के अंतर्गत डिस्पोजेबल कप जमाना एवं बलून फुलाना जैसी रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत एकल नृत्य प्रतियोगिता में कंचन चौधरी, शीतल राजपूत, कश्यपि शर्मा, दीपिका लोट, अक्षिता तिवारी, सिद्धि मौर्य, गौरव परिहार एवं संजना विकी ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। समूह नृत्य में व्यूष्टि, साधना, दीपिका लोट एवं उनके साथियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने सराहा। महाविद्यालय परिवार की ओर से डॉ. नरेंद्र नागल एवं पवन नामदेव ने भी सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी, जिसने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। कार्यक्रम का संचालन बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी कृष्णिका अग्रवाल ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. संजय कुमार पटवा ने किया। इस प्रकार वार्षिक स्नेह सम्मेलन उत्साह, उमंग एवं रचनात्मकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा में...

# लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## -कई छात्र बने तहसील टॉपर

**अनोखा तीर, खिरकिया।**

5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा में लिटिल लीडर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तहसील स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कक्षा 5वीं में किनिशा अग्रवाल ने 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ ही आराध्या, अग्रवाल वंशिका यादव, आरिनी गंगराड़े, जसकीरत सिंह खनूजा, हितांश सोनी, कविश मालू, रवी तापड़िया, आरव सिंह राजपूत, आरती केशरवानी, अभिनव भंडारी, अक्षिता जैन, आदित्य कुशवाहा और प्रज्ञा राठौर ने क्रमशः तहसील व ब्लॉक स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किए। कक्षा 8वीं में ग्रीष्मा पवार, अविका राजपूत, धर्मिष्ठा मालाकार, गरिमा पवार, रश्मि विश्नोई, शेजल विश्नोई, आरना यादव और समर्थ गौर ने तहसील टॉपर्स में स्थान बनाया। विद्यालय ने इस वर्ष भी शानदार परिणाम देते हुए सफलता का इतिहास दोहराया है। कक्षा 5वीं के 30 में से 14 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर ए ग्रेड हासिल किया, जबकि कक्षा 8वीं में 18 में से 9 विद्यार्थियों ने ए प्लस ग्रेड प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। संचालक यशपाल कुशवाह ने बताया कि विद्यालय न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि आधुनिक तकनीक जैसे कंप्यूटर, एआई और रोबोटिक्स लैब के माध्यम से भी विद्यार्थियों को आगे बढ़ा रहा है। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रिंसिपल एल.एन. राजपूत ने समस्त स्टाफ के साथ विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रामनवमी पर ब्रह्मकुमारी द्वारा नौ देवियों की चैतन्य झांकी का भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, टिमरनी।** रामनवमी के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा टिमरनी के मंडी प्रांगण में नौ देवियों की चैतन्य झांकी का भव्य एवं आकर्षणमय आयोजन किया गया तथा 108 दीपकों द्वारा महाआरती की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न स्थानों से आए संतों एवं नगर के विशिष्ट राजनीतिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया।

इस आध्यात्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने उपस्थित होकर झांकी के दर्शन किए और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। झांकी के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक नारी में देवी स्वरूप के दिव्य गुण निहित होते हैं। परमात्मा राम द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग के अभ्यास से नारी अपने भीतर के दिव्य गुणों को पहचानकर उन्हें जीवन में धारण करे, तो वह परिवार और समाज दोनों को नई दिशा दे सकती है और जीवन को श्रेष्ठ, सुखमय एवं संतुलित बना सकती है। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी भव्यता बहन ने अपने संबोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने बताया कि जीवन में अनेक विघ्न आने के बावजूद राम ने धैर्य, गंभीरता, सरलता, स्थिरता, मानसिक संतुलन




एवं अन्य दिव्य संस्कारों के आधार पर उन पर विजय प्राप्त की। उन्होंने हर घटना को सकारात्मक रूप से देखा और विपरीत परिस्थितियों में भी अवसर खोजे। उन्होंने कहा कि 'राम' शब्द के तीन अर्थ बताए जाते हैं– एक राम दशरथ के पुत्र, एक राम जो घट-घट में विद्यमान हैं और एक राम जो जगत से न्यारे हैं, वही परमात्मा स्वरूप हैं। जब परमात्मा राम का समयानुसार इस धरा पर आगमन होता है, तब वे आत्मा को दिव्य गुणों से अलंकृत करते हैं। वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार रूपी विकारों से प्रभावित है, लेकिन परमात्मा की स्मृति से इन विकारों पर विजय प्राप्त कर दैवी गुणों का जागरण संभव है। इसी के माध्यम से पुनः रामराज्य की स्थापना होती है, जिसकी स्मृति में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है।

# संस्कार, शिक्षा और सेवा का भाव होना चाहिए : संत दादाभाई

### शतचंडी महारुद्र यज्ञ के समापन पर विशाल भंडारा, देवी स्वरूप कन्याओं का किया पूजन

**अनोखा तीर, खातेगांव।**

सबसे पहले यज्ञ के विषय में जानने से पहले संस्कार का प्रादुरभाव हो शिव और शक्ति से जगत कल्याण, संस्कार, शिक्षा और सेवा का भाव होना चाहिए इस नवरात्रि हिंदू नव वर्ष पर शिव और शक्ति की साधना का पवित्र अनुष्ठान शतचंड़ी महारुद्र यज्ञ में हमने भक्तों के लिए प्रार्थना की है। भारतवर्ष में अखंड़ यज्ञ बेदी बहुत दुर्लभ जगह है। उन्ही में से एक दादाजी की अखंड यज्ञ बेदी दादाजी दरबार भोपाल में है जहां दादा जी दरबार साधना के लिए पृथक है। अखंड यज्ञ



बेदी में 10 दीक पाल रहते हैं 10 दिशा होती है जहां शतचंड़ी महारुद्र यज्ञ शिव और शक्ति की साधना की जाती है। भोपाल दरबार में भोपाल वाले दादा जी का नृत्य हवन होता है और चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि में छः, छः माह में संसार के कल्याण के लिए शतचंड़ी यज्ञ होते आ रहे हैं। इस यज्ञ वेदी पर गुरुजी की कृपा से शिव और शक्ति को प्रसन्न किया जाता है। इस यज्ञ बेदी पर हवन करने से मनचाहा फल दादा जी की कृपा से शिव और शक्ति मां जगदंबे प्रदान करती है। उक्त विचार दादाजी धूनी वाला दरबार शामला हिल्स भोपाल के साधक संत गुरुदेव दादा भाई ने शतचंडी महारूद्र यज्ञ की पूर्ण आहुति के पावन अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे के समय भक्ति श्रद्धालुओं को आर्शीवचन देते हुए व्यक्त किया। इस अवसर पर दूर-दूर से पहुंचे दादा जी के भक्तों ने शतचंड़ी महरुद्र यज्ञ की पूर्ण आहुति में शामिल होकर अखंड या द्विवेदी पर आहुतियां प्रदान की। जहां प्रतिदिन मां दुर्गा मां काली मां लक्ष्मी मां सरस्वती की प्रसन्नता के लिए आहुतियां प्रदान की जाती है। शतचंड़ी महरुद्र यज्ञ समापन पर आयोजित विशाल भंड़ारा में सर्वप्रथम गुरुदेव दादा भाई ने मां जगदंबा और कन्याओं को चुनरी अर्पित कर कन्या पूजन किया। विशाल भंड़ारा में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि सक्सेना, रितु सिंहा, ओम दीवान, अमृतलाल बागवान, प्रदीप साहू, सहित सुरेश प्रजापति, सहित अनेक दादाजी परहित सेवा संस्थान के भक्त श्रद्धालु उपस्थित थे।

### भाजपा के प्रशिक्षण सत्र का समापन आज

# प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल रहेंगे मुख्य अतिथि

**अनोखा तीर, हरदा।** भारतीय जनता पार्टी के हरदा नगर मंडल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का समापन सत्र 29 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दोपहर 2.30 बजे कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और पार्टी की नीतियों पर मार्गदर्शन देंगे। प्रशिक्षण वर्ग के समापन के बाद वे जिला स्तरीय बैठक भी करेंगे, जिसमें संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

## मंडी भाव

**मंडी भाव हरदा**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2010 | 2446 |
| चना | 3200 | 5294 |
| सोयाबीन | 3000 | 5390 |
| मूंग | 4001 | 8700 |
| सरसो | 4940 | 5796 |
| मक्का | 1225 | 1591 |
| तुअर | 5001 | 7100 |
| उड़द | 4900 | 4900 |
| बटाना | 2701 | 3601 |
| काटू चना | 4001 | 5364 |
| डॉलर चना | 4100 | 6899 |

**सिराली**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 2052 | 2460 |
| चना | 4800 | 5199 |
| सोयाबीन | 3500 | 5180 |
| मक्का | 1200 | 1530 |

**खिरकिया**

| जिंस | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं | 1994 | 2356 |
| चना | 3000 | 5201 |
| सोयाबीन | 3900 | 5823 |
| मूंग | 5300 | 7350 |
| सरसो | 4401 | 5451 |
| तुअर | 3200 | 7500 |

## गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग पर पत्रकार संघ ने जताया आभार

**अनोखा तीर, खिरकिया।** गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ ने कानपुर सांसद रमेश अवस्थी द्वारा लोकसभा में पत्रकारिता के पुरोधा एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग किए जाने पर आभार व्यक्त किया है। संघ के स्थानीय शाखा प्रमुख आशीष जैन ने बताया कि विगत दिनों कानपुर से बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी ने संसद में महान क्रांतिकारी व निर्भीक पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी को भारत रत्न देने की मांग उठाई। उन्होंने संसद में कहा कि विद्यार्थी ने अपने अखबार 'प्रताप' के माध्यम से ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई और स्वतंत्रता आंदोलन को वैचारिक मजबूती प्रदान की। सांसद अवस्थी ने सदन में यह भी कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने भगत सिंह सहित कई क्रांतिकारियों का समर्थन किया था। 25 मार्च 1931 को कानपुर दंगों के दौरान उन्होंने लोगों की जान बचाते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे



दिया। उनकी शहादत पर महात्मा गांधी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा था कि काश उन्हें भी ऐसी ही मृत्यु प्राप्त होती, जिसमें वे हजारों लोगों की जान बचाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर पाते। गांधी ने यह भी माना था कि स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री पद के लिए गणेश शंकर विद्यार्थी प्रमुख दावेदार होते। सांसद रमेश अवस्थी ने मांग की कि कानपुर में उनकी शहादत स्थली का सुंदरीकरण कर वहां भव्य स्मारक एवं स्मृति वाटिका का निर्माण किया जाए। साथ ही 'प्रताप प्रेस' को विकसित कर राष्ट्रीय पत्रकारिता संग्रहालय बनाया जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान से प्रेरणा ले सके। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार संघ के प्रमुख सदस्य शिरीष सकलेचा ने कहा कि दिल्ली स्थित लोकसभा परिसर में भी गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी का जीवन और बलिदान देश के लिए प्रेरणास्रोत है, इसलिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।

**जाहिर सूचना**

मैं रूकईया बाई बोहरा पिता निसार अली बोहरा, वार्ड नं. 6 मूंदी, जिला खण्डवा म.प्र. की निवासी हूं। मेरे राजस्व भू-अभिलेख में त्रुटिवश मेरा नाम रजिया बानो लिखा गया है, जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रूकईया बाई बोहरा है, जो कि सत्य एवं सही है। मैं राजस्व भू-अभिलेख में अपना नाम आधार कार्ड के अनुसार रूकईया बाई बोहरा लिखवाना चाहता हूं। मेरे द्वारा राजस्व अभिलेख में नाम सुधार के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी हरदा में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत करें।

**आवेदक-रूकईया बाई बोहरा पिता निसार अली बोहरा, वार्ड नं. 6 मूंदी, जिला-खण्डवा म.प्र.**

**खण्ड-I**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्यप्रदेश शासन वन विभाग**

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमंडल हरदा उत्पादन**

दूरभाष क्रमांक 07577-222025 Email- dfopharda@mp.gov.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- 01/स्टोर/2026/2183 दिनांक 16-03-2026**

1. वनमंडल अधिकारी वनमंडल हरदा उत्पादन द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधन-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 01 | विद्युत सामग्री | 10000 | 500 |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखें और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिग के माध्यम पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 01-04-2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 24-04-2026 दोपहर 3.00 बजे तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियाँ लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट यदि कोई है तो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किये जाएगें, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल:- https://mptenders.gov.in/

जी-27955/25

● "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

वनमंडल अधिकारी,
वनमंडल हरदा (उत्पादन)

# संपादकीय | होर्मुज पर नरमी से खुली उम्मीद की राह

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद ईरान ने जवाब के तौर पर जो मोर्चे खोले, उसमें होर्मुज जलमार्ग को बाधित करना उसकी एक कारगर रणनीति साबित हुई है। इसी वजह से आज हालत यह है कि दुनिया के कई देश ईरान के सख्त रुख की वजह से कच्चे तेल और गैस के संकट का सामना कर रहे हैं।

इनमें वैसे देश भी हैं, जिन्होंने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले में कोई प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं की है, वे किसी भी पक्ष में मैदान में नहीं हैं और मतभेद के मुद्दों का हल संवाद के जरिए करने के समर्थक हैं। भारत ने भी पश्चिम एशिया में उभरे संकट का समाधान बातचीत से निकालने के लिए आवाज उठाई है।

शायद यही वजह है कि अब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग से चीन और रूस सहित जिन पांच देशों को अपने जहाज निकालने की छूट दी है, उनमें भारत भी शामिल है। यों भारत आने वाले चार जहाज पहले ही होर्मुज जलमार्ग को पार कर चुके हैं, लेकिन अठारह जहाज उसी इलाके में फंसे हुए थे। ईरान के ताजा रुख के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि भारत के बाकी जहाज वहां से निकल कर आ सकेंगे और इससे देश में तेल और गैस के गहराते संकट को कम करने में मदद मिलेगी।

हालांकि अमेरिका और इजरायल को लेकर ईरान अब भी सख्त है और शांति प्रस्तावों को लेकर भी उसने कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर होर्मुज जलमार्ग पर उसके रुख में आई नरमी से दुनिया के कुछ देशों को राहत मिल सकती है।



बाकी ईरान जिन्हें शत्रु देश मानता है, उनके जलपोतों को लेकर वह अब भी सख्त है। जहां तक भारत का सवाल है, तो ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने कुछ ऐसे देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की इजाजत दी है, जिन्हें हम मित्र मानते हैं। इसमें चीन, रूस, भारत, इराक तथा पाकिस्तान शामिल हैं। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से भारत ईरान के साथ लगातार कूटनीतिक संवाद के जरिए पश्चिम एशिया में संघर्ष खत्म कराने के साथ-साथ होर्मुज जलमार्ग से अपने लिए भी एक रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा था।कुछ उतार-चढ़ाव को छोड़ दें, तो भारत और ईरान के संबंध दोस्ताना रहे हैं। ऐसे में अगर ईरान ने अगर होर्मुज जलमार्ग के रास्ते आवागमन के लिए भारत को भी सुविधा दी है, तो कूटनीतिक संवाद के एक सकारात्मक हासिल के साथ-साथ इसे उन्हीं संबंधों की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है।

गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच एक संकरा रास्ता है, जिससे होकर दुनिया के कई देशों के जलपोत आवाजाही करते हैं। दुनिया के करीब बीस फीसद तेल और तरल प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी रास्ते से होता है।

यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, उसके बाद से विश्व भर में तेल और गैस की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल आया है। भारत की भी ऊर्जा खरीद का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम एशिया रहा है। मौजूदा संकट के बीच सरकार ने तेल और गैस का पर्याप्त भंडार होने की बात कही है, लेकिन सच यह है कि आम लोग रसोई गैस, तेल और उर्वरकों की कमी से उपजी मुश्किल का सामना कर रहे हैं। अब होर्मुज जलमार्ग पर ईरान की नरमी से भले ही फौरी राहत मिल सके, लेकिन जरूरत इस बात की है कि संयुक्त राष्ट्र सहित सभी पक्षों की ओर से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को खत्म कराने के लिए ठोस पहल हो।

## टॉयलेट की कमी से छूट रही पढ़ाई, 'स्वच्छ भारत' के दावे और लड़कियों की शिक्षा



भारत में विकास की चमकती तस्वीर के बरक्स शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लड़कियों की पढ़ाई छूट जाना चिंता का विषय है। यह स्वच्छ भारत और स्वच्छ विद्यालय अभियान के लक्ष्य पर भी सवालिया निशान है। गौरतलब है कि हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी एक रपट में बताया गया है कि पिछले वर्षों के मुकाबले वर्ष 2022-23 में लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की सुविधा में गिरावट दर्ज की गई। विद्यालयों में लैंगिक समानता बनाए रखने और लड़कियों के लिए अलग से शौचालय की सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। मगर जमीनी सच्चाई यही है कि कई सरकारी विद्यालयों में शौचालय बदतर स्थिति में हैं। न तो उनकी सफाई होती है और न ही वहां पानी की व्यवस्था होती है। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में शीर्ष न्यायालय ने भी केंद्र और सभी राज्यों को स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश देते हुए उनमें पानी और साबुन की व्यवस्था करने की भी हिदायत दी थी। तस्वीर कितनी बदली है, अभी कहा नहीं जा सकता, लेकिन स्थिति की गंभीरता समझी जा सकती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की रपट से यह भी साबित हुआ है कि विद्यालयों में शौचालय की खराब हालत के लिए प्रशासन की सुस्ती कम जिम्मेदार नहीं है। हैरत की बात है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान विद्यालयों में महज 0.3 फीसद सुविधा ही बढ़ पाई। अगर शौचालयों की कमी के कारण लड़कियों की पढ़ाई छूट रही है, तो समूचे शिक्षा के परिदृश्य में इससे अफसोसनाक स्थिति और क्या होगी? इसके लिए स्कूलों की देखरेख से संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। इसमें दोराय नहीं कि गंदा शौचालय और वहां पानी का अभाव लड़कियों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। कई विद्यालयों में शौचालय न होने के कारण लड़कियां विद्यालय नहीं जातीं, जिससे उनकी पढ़ाई पर असर पड़ता है। सवाल है कि स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव की समस्या की हकीकत के समांतर स्वच्छ विद्यालय अभियान के लक्ष्य को कितना सार्थक कहा जा सकता है!

## आज का कार्टून




### इजराइल-ईरान संघर्षः भारत की "नीति" कितनी सामयिक, प्रासंगिक एवं प्रभावी?

# "संवाद व कूटनीति से ही समाधान" : मोदी




-राजीव खंडेलवाल

लेखक, कर सलाहकार एवं पूर्व अध्यक्ष, बैतूल सुधार न्यास

**मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता के केंद्र में है। ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत निर्णायक चरण में पहुंचती दिख रही थी। जैसा 26 फरवरी को ओमान के विदेश मंत्री द्वारा महत्वपूर्ण प्रगति की बात कही गई थी। तब अचानक 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने पूरे समीकरण को ही बदल दिया। इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कहा गया।**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उक्त ऑपरेशन का उद्देश्य ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को निष्क्रिय करना, क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करना तथा तथाकथित प्रतिरोध नेटवर्क को कमजोर करना बताया। मीडिया में दावा किया गया कि यह सैन्य कार्रवाई अमेरिका ने ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर जो ट्रंप प्रशासन में विशेष शांति दूत की भूमिका में है, विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री की सलाह पर इजराइल के कहने से की गई। परन्तु लगभग 27 दिनों के संघर्ष के बाद भी "कोई भी लक्ष्य" की स्पष्ट प्राप्ति नहीं हो सकी है। उलटे, अमेरिका द्वारा "अनावश्यक लादे गए" इस युद्ध ने विश्व को एक ऐसे संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है, जहाँ से निकलने का मार्ग अभी धुंधला दिखाई देता है।

- **"युद्ध की प्रकृति और विशेषता।"** – इस युद्ध की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि ईरान ने "प्रत्यक्ष आक्रामकता" के बजाय रक्षात्मक प्रतिरोध का उद्देश्य सामने रखकर प्रतिक्रियात्मक रणनीति अपनाई। ईरान ने "पहले" हमला करने से परहेज किया और हर सैन्य "आक्रमण" कार्रवाई का "प्रत्युत्तर" उसी "अनुपात" में देने की नीति अपनाई। इसने युद्ध को पूर्ण विस्तार लेने से कुछ हद तक रोके रखा। ट्रंप से मिली हमलों की धमकियों के मामले में भी ईरान ने यही नीति अपनाई।
- **"वैश्विक प्रभावः ऊर्जा से अर्थव्यवस्था तक"** – सैन्य संघर्ष का प्रभाव केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित न रहकर वैश्विक स्तर पर होकर फैल रहा है। कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव, होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में बाधा, वैश्विक महंगाई में संभावित वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अस्थिरता, भारत सहित अधिकांश देश इस प्रभाव व दुष्परिणाम से अछूते नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद में स्वीकारा "यह संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है"
- **"भारत की कूटनीतिः संतुलन या झुकाव?"** – भारत के संबंध अमेरिका, इजरायल, और ईरान तीनों से ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण व अच्छे रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी के जमाने में इजराइल व अमेरिका से प्रगाढ़ व प्रेसीडेंट ट्रंप से बेहद व्यक्तिगत संबंध स्थापित हुए हैं, जिसने रूस-भारत संबंध को भी एक कदम पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी जब पिछली बार वर्ष 2016 में ईरान गये थे, तब उन्होंने यह कहा था कि दोनों देशों की दोस्ती "नई" नहीं है, बल्कि "इतिहास जितनी पुरानी" हैं। भारत के व्यापारिक फायदे के लिए चाबहार बंदरगाह विकास, व्यापार-परिवहन ट्रांजिट समझौते हुए।
- **रणनीतिक स्वायत्तता का अभाव**– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार "डायलॉग और डिप्लोमेसी" से शांति की कूटनीति अपनाने की अपील की है। यद्यपि इसके पीछे शायद उनकी सोच वहां रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा व उर्जा आपूर्ति रही है। "आक्रमणकारी" अमेरिका के ईरान पर किए हमले की प्रधानमंत्री ने "आलोचना" नहीं की, जो करनी चाहिए थी। खासकर तब, जब वे "गल्फ देशों" में स्थित अमेरिका के सैन्य अड्डों पर ईरान की बमबारी की आलोचना कर रहे है। तब मोदी निष्पक्ष नहीं दिख सके। स्पष्ट है, इस कारण वे देश के विपक्ष की आलोचनाओं का शिकार भी हुए प्रधानमंत्री का टीवी 09 समिट में दिया गया यह कथन कि भारत ने फैसले लेने का "सार्मथ्य" दिखाया है, स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि वह तथ्यों के विपरीत है। वस्तुतः भारत की विदेश नीति में परंपरागत रूप से "रणनीतिक स्वायत्तता" पर आधारित रही है। परन्तु वर्तमान में इसका अभाव सा दिखता है।
- **"प्रधानमंत्री को गुलाम कहना! कांग्रेस की गुलामी प्रवृत्ति"!** – कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा का पत्रकार वार्ता में भारत के चुने हुए लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना "साहब बीबी और गुलाम" पोस्टर का इस्तेमाल कर उन्हें "गुलाम" कहना बेहद "शर्मनाक" है। इसे किसी भी रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वास्तव में यह कांग्रेस की "गुलामी" की कार्यशैली की प्रवृत्ति का "अवतरण" है। इस कथन की सर्वत्र घोर निंदा की जानी चाहिए थी। पिछले 14 महीने से भारत की अमेरिका के प्रति "नीति" रणनीति स्वायत्तता के अभाव में "चिंता" का विषय। वर्ष 2025 में ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी के ट्रंप के दबाव में आने से गुटनिरपेक्ष नीति का अगुवा करने वाले भारत की विदेश नीति की "दिशा" बदलने से वह भारतीय हितों को प्रभावी रूप से "साध" नहीं पा रही है। यह किस दबाव में? अलग विषय है। लेकिन निश्चित रूप से 15 महीने के ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में ट्रंप के भारत व मोदी के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर दिए गए बयानों के अवलोकन से स्पष्ट है कि ट्रंप भारत पर "टर्म डिक्टेट" कर रहा है। लगभग हर बार ट्रंप ने भारत की संप्रभुता, सार्वभौमिकता पर आक्रमण कर "अपमानित", निम्नतर करने की लगातार कोशिश की है। इससे जहां हम विश्व गुरु बनने की बात कर रहे थे, वहां हमारी एक सार्वभौमिक मजबूत राष्ट्र की छाप पर बडा धक्का लगा है। इसके परिणामों व दुष्प्रभावों का आगे हम अध्ययन करते हैं।



1. सबसे बड़ी भूल जो भारत की ओर से हुई, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई पर प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री द्वारा शोक व्यक्त न करना, जबकि पाकिस्तान ने किया। 5 दिन बाद ईरानी दूतावास जाकर भारत के विदेश मंत्री ने शोक संदेश लिखा। इसके पूर्व वर्ष 2024 में ईरान के राष्ट्रपति की मृत्यु हो जाने पर भारत सरकार ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक रखा था।
2. लगभग 168 स्कूल के बच्चे अमेरिका-इजरायल द्वारा मौत के घाट उतारे जाने पर भारत द्वारा कोई आलोचना न करना, खेद जनक है। मात्र गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उक्त कृत्य अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का उल्लंघन भी है।
3. भारत को रूस से सस्ते दरों पर तेल मिल रहा था। लेकिन अमेरिका के दवाब के चलते शैनः शैनः क्रय बंद करना पडा। विश्व गुरू बनने के मिशन के चलते अमेरिका की परमिशन से रूस से फिर तेल खरीदना चालू किया। इसमे कोई शक नहीं है कि मोदी के "माई फ्रेंड", "अबकी बार ट्रंप सरकार", कहकर जो घनिष्ठ संबंध बनाये थे, उसका फायदा भारत को नहीं मिला, बल्कि अमेरिका ने भारत को "मानमर्दित" कर एकतरफा नाजायज फायदा लिया। इससे हमारे रूस व ईरान से सौहार्द संबंधों को भी नुकसान पहुंचा।
4. हमारे यहां कहावत है न "पुलिस की दोस्ती अच्छी न दुश्मनी"। उसी प्रकार का कथन अमेरिका के बाबत कहा जाता है। "अमेरिका की दोस्ती अच्छी नहीं, दुश्मनी और भी खराब"। अमेरिका का दुश्मन होना खतरनाक है, लेकिन दोस्त होना जानलेवा है। वर्तमान में यह देखने को मिल रहा है। पहले भी वर्ष 1971 के बांग्लादेश युद्ध में हमने देखा, अमेरिका ने पाकिस्तान की सहायता के लिए सातवां बेड़ा भेजा था।
5. यद्यपि नरेन्द्र मोदी ईरान के राष्ट्रपति से बार बार बातचीत कर संबंधों को सुधारने का प्रयास कर रहे हैं, जिसकी अभी यह सुखद परिणाम आया है कि ईरान ने जिन पांच देशों को होर्मुज समुद्री में "निर्बाध" रास्ता दिया है जिसमें भारत भी शामिल है।
6. ईरान के संवैधानिक मान्यता प्राप्त पद सर्वोच्च नेता "अली खामेनेई" जो सिर्फ ईरान के ही नहीं बल्कि शिया संप्रदाय के विश्व के सर्वोच्च धार्मिक नेता हैं, की हत्या की भर्त्सना किए बिना, उन्हे श्रद्धांजलि दिये बिना, ईरान के "घाव" शायद ही भरें। बल्कि कहीं न कहीं "बातचीत" में वे घाव "हरे" हो जाते है। भारतीय संस्कृति के झंडेबरदार मोदी ऐसा मानवीय कदम क्यों नहीं उठा पा रहे हैं, समझ से परे है, जो उन्हें करना चाहिए था। देश में इस संकट के कारण पुनः कोरोना स्थिति आने की आशंका दिख रही, जैसे कि प्रधानमंत्री ने कहा कि "देश की जनता को तैयार हो जाना चाहिए"। दुर्भाग्यवश इस बयान ने देश में एक भय की भ्रम की भावना पैदा हो रही है।

मोदी का युद्ध पूर्व इजरायल दौरा! क्या आत्मघाती कदम?

ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध में भारत की ओर से दो सबसे महत्वपूर्ण त्रुटि हुई लगती है। प्रथम युद्ध की आशंकाओं के बादलों के चलते सैन्य आक्रमण प्रारंभ होने के 48 घंटे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा एक आत्मघाती कदम सिद्ध हो रहा है। हमारी खुफिया एजेंसीज इस स्थिति का आकलन करने में क्या असफल हो गई थी? इजरायली संसद "नेसेट" को संबोधित करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री बनने के पूर्व मोदी जुलाई 2017 में इजराइल का दौरा कर देश के पहले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। मोदी ने संबोधन में कहा भारत का "वसुधैव कुटुंबकम" और इजरायल का "टिक्कुन ओलम" साझा दृष्टिकोण है। इसी के साथ दूसरी गलती अली खामनेई को श्रद्धांजलि न देना।

### निष्कर्ष

आज आवश्यकता है, एक ऐसी संतुलित, साहसिक और स्पष्ट नीति की, जो न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे, बल्कि वैश्विक शांति में भी भारत की प्रमुख, महत्वपूर्ण रचनात्मक भूमिका हो। दुर्भाग्यवश यह भूमिका "अपुष्ट" समाचारों के अनुसार पाकिस्तान के हाथों में जा रही है जो हमारी विदेश नीति पर एक प्रश्नचिंह लगाता है। ट्रंप का ताजा बयान कि ईरान समझौते के लिए "बेताब" है, तथापि ईरान का एक भी बयान इस संबंध में अभी तक नहीं आया, बल्कि खंड़न आया। "बेताबी" तो साफ ट्रंप की झलक रही है।

# वर्तमान वैश्विक संकट में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत का मार्गदर्शन

-पवन वर्मा

**विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच युद्ध ने पूरे विश्व में असुरक्षा और असंतुलन का वातावरण बना दिया है। यह संघर्ष अब कुछ देशों की सीमाओं का नहीं है, और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और सामान्य जनजीवन तक गहराई से महसूस किया जा रहा है। ऐसे जटिल और चिंताजनक समय में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह सिर्फ आध्यात्मिक उपदेश नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व के लिए एक गहन नैतिक और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रस्तुत करते हैं।**

इन दिनों विश्व एक गहरे संक्रमण काल से गुजर रहा है। युद्ध , आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और वैश्विक अविश्वास। ये सभी मिलकर मानव सभ्यता के सामने गंभीर प्रश्न खड़े कर रहे हैं। विशेष रूप से अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच युद्ध ने पूरे विश्व में असुरक्षा और असंतुलन का वातावरण बना दिया है। यह संघर्ष अब कुछ देशों की सीमाओं का नहीं है, और इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और सामान्य जनजीवन तक गहराई से महसूस किया जा रहा है। ऐसे जटिल और चिंताजनक समय में भगवान महावीर के पंचमहाव्रत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह सिर्फ आध्यात्मिक उपदेश नहीं, बल्कि आधुनिक विश्व के लिए एक गहन नैतिक और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रस्तुत करते हैं।

- **अहिंसा**– भगवान महावीर का प्रथम और सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धांत है अहिंसा। आज जब विश्व शक्तियाँ प्रत्यक्ष और परोक्ष संघर्ष में उलझी हुई हैं, तब यह सिद्धांत केवल एक नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गया है। अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच युद्ध ने यह संकेत दिया ही है कि यदि संवाद और संयम को प्राथमिकता नहीं दी गई, तो परिणाम व्यापक विनाश ही हो सकते हैं। युद्ध कभी समाधान नहीं देता। वह केवल नई समस्याओं को जन्म देता है। इन परिस्थितियों में महावीर का संदेश स्पष्ट है हिंसा अंततः आत्मविनाश का मार्ग है, जबकि अहिंसा ही स्थायी शांति की आधारशिला है।
- **सत्य**– भगवान महावीर का दूसरा सिद्धांत है सत्य। वर्तमान समय में युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सूचनाओं, प्रचार और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के माध्यम से भी लड़े जा रहे हैं। अधूरी जानकारी, भ्रामक समाचार और रणनीतिक प्रचार समूची दुनिया में अविश्वास को और बड़ा रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि सभी राष्ट्र अपनी नीतियों और निर्णयों में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को अपनाएं, तो संघर्ष की तीव्रता को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सत्य केवल वाणी का गुण नहीं, बल्कि नीति और व्यवहार का आधार होना चाहिए।
- **अस्तेय**– महावीर का तीसरा सिद्धांत अस्तेय है। अस्तेय, इसका अर्थ है, बिना अधिकार किसी की वस्तु या संसाधन पर कब्जा न करना। आज के वैश्विक परिप्रेक्ष्य में यह अत्यंत प्रासंगिक है। आधुनिक संघर्षों की जड़ में ऊर्जा संसाधनों, विशेषतः तेल और गैस पर नियंत्रण की होड़ एक प्रमुख कारण है। जब राष्ट्र अपने हितों के लिए दूसरों के संसाधनों पर प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास करते हैं, तब टकराव अपरिहार्य हो जाता है। यदि अस्तेय के सिद्धांत को अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्थान मिले, तो संसाधनों के न्यायपूर्ण और संतुलित उपयोग की दिशा में एक नया दृष्टिकोण विकसित हो सकता है।
- **ब्रह्मचर्य**– भगवान महावीर के चौथे सिद्धांत बह्मचर्य का व्यापक अर्थ है आत्मसंयम और संतुलन। आज का समाज अत्यधिक उपभोग की प्रवृत्ति से ग्रस्त है। वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच यह प्रवृत्ति और स्पष्ट दिखाई देती है। यद्यपि भारत में फिलहाल पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर बनाए रखने का प्रयास किया गया है, फिर भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में उथल-पुथल का दबाव बना हुआ है। ऐसे समय में यदि हम अपनी दिनचर्या को संयमित रखें और वस्तुओं के संयमित उपभोग की जीवनशैली अपनाएं तो बाजार की उथल पुथल पर नियंत्रण रख सकते हैं। ब्रह्मचर्य हमें सिखाता है कि संयमित उपभोग ही स्थायित्व की कुंजी है।
- **अपरिग्रह**– महावीर स्वामी का पाँचवां सिद्धांत अपरिग्रह, आज की उपभोक्तावादी संस्कृति के लिए एक गहरी चुनौती है। अपरिग्रह का अर्थ है आवश्यकता से अधिक संचय न करना। वर्तमान वैश्विक व्यवस्था में जब संसाधनों की असमानता बढ़ रही है, तब यह सिद्धांत और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। ऊर्जा संकट के समय यदि लोग अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण करने लगते हैं, तो बाजार में कृत्रिम कमी उत्पन्न होती है, जिससे कीमतों में अनावश्यक वृद्धि होती है और समाज के कमजोर वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अपरिग्रह हमें यह समझाता है कि संतुलित जीवन ही सामूहिक समृद्धि का आधार है।



- **वैश्विक संकट और भारत का परिप्रेक्ष्य**– अमेरिका, इज़रायल और ईरान के बीच बढ़ते टकराव का प्रभाव भारत जैसे देशों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। वैश्विक तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव का सीधा असर महंगाई, परिवहन और औद्योगिक लागत पर पड़ता है। हालांकि भारत में फिलहाल आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखने का प्रयास किया गया है, फिर भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण भविष्य की अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे समय में केवल सरकारी नीतियाँ ही नहीं, बल्कि समाज का व्यवहार भी उतना ही महत्वपूर्ण हो जाता है। वर्तमान वैश्विक संकट यह स्पष्ट करता है कि केवल तकनीकी उन्नति और सैन्य शक्ति से स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके लिए नैतिकता, संयम और सहअस्तित्व के सिद्धांतों को अपनाना अनिवार्य है। भगवान महावीर के पंचमहाव्रत हमें यह सिखाते हैं कि अहिंसा से शांति संभव है, सत्य से विश्वास उत्पन्न होता है, अस्तेय से न्याय स्थापित होता है, ब्रह्मचर्य से संतुलन आता है और अपरिग्रह से समानता सुनिश्चित होती है। यदि मानवता इन सिद्धांतों को केवल विचार के रूप में नहीं, बल्कि व्यवहार में उतार ले, तो वर्तमान संकट केवल एक चुनौती नहीं, बल्कि एक नई दिशा का अवसर बन सकता है। यही वह मार्ग है, जो युद्ध से शांति, असंतुलन से संतुलन और भय से विश्वास की ओर ले जाता है।

## सार-समाचार

### मन की बात कार्यक्रम के बड़वाह नगर मंडल प्रभारी बने राहुल वर्मा

**अनोखा तीर, बड़वाह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मन की बात के प्रदेश प्रभारी राघवेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष निमाड़ संभाग



प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री एवं खरगोन जिला प्रभारी संगीता सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे की सहमति एवं मंडलों के अध्यक्षों की अनुशंसा पर बड़वाह नगर एवं ग्रामीण में मन की बात के जिला प्रभारी दीपक सिंह ठाकुर ने मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की। इस नियुक्ति में बड़वाह नगर में राहुल वर्मा एवं ग्रामीण में बलदेव सेन को मन की बात का प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक सचिन बिरला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमान जाट, हितेंद्र सिंह सोलंकी, महामंत्री महेंद्र अमई, रमेश विजयवर्गीय, गौतम खंडेलवाल, निखलेश खंडेलवाल, रवि एरण, विशाल कुमरावत, लखन गडगोती, यूनिक सुराणा, पार्षद रजनी भंडारी सहित अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### गांधवा में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गांधवा में शनिवार को वृहद विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ



दिलाना रहा। शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा श्रमिक कानूनों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार से दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में प्राधिकरण के सचिव पियूष भावे ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों को सुलभ और नि:शुल्क न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आवश्यकता पड़ने पर प्राधिकरण से संपर्क करने की अपील की। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह, महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुलोचना गहलोत, अधिवक्ता सुजान सिंह राठौड़, सरपंच कालूराम दांगोरे सहित पैरा लीगल वॉलंटियर्स सत्य प्रकाश मिश्रा, मनोज वर्मा, संदीप ढाकचे, आशीष मालवीय और केदार गोलकर उपस्थित रहे।

### जिले में 11 हजार से अधिक किशोरियों को लगे एचपीवी टीके

**अनोखा तीर, खंडवा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि शनिवार को



1302 किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाया गया। अब तक जिले में कुल 11,438 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण जिला चिकित्सालय खंडवा, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा संजीवनी क्लिनिक में किया जा रहा है। डॉ. जुगतावत ने बताया कि टीकाकरण के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निर्धारित केंद्रों पर टीका अवश्य लगवाएं।

### स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरसूद का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय हरसूद का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को जनजाति कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयेश वैष्णव ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा और एसडीएम हरसूद आरसी खेतड़िया



उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर खेलकूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मंत्री डॉ. विजय शाह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की असली पूंजी है और उनके सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने महाविद्यालय के विस्तार और छात्र सुविधाओं के लिए सहयोग का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में एकल गायन प्रतियोगिता की विजेता नेहा साध को 11 हजार रुपए, सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करने वाली 9 छात्राओं को 5-5 हजार रुपए तथा प्रशिक्षक प्रो. पार्वती अहिरवार को 5 हजार रुपए से सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. जयेश वैष्णव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

देर रात तक निकली शहर में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

# चलित झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**-शोभायात्रा में लगे जय श्रीराम के जयकारे, संत महात्माओं ने दिए आशीर्वाद**

**अनोखा तीर, बड़वाह।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी पर शुक्रवार को शहर भक्तिभाव में सराबोर नजर आया। सुबह से ही मठ-मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और जैसे ही प्रभु श्रीराम के जन्म का पावन क्षण आया, मंदिरों में घंटी-घड़ियाल की गूंज के साथ भये प्रकट कृपाला के स्वर वातावरण में गुंजायमान हो उठे। मंदिर समितियों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर महाआरती की गई और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। शाम ढलते ही शहर में भक्ति और उत्साह का नजारा उस समय देखने को मिला, जब श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में श्रीरामजी की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली गई। इसके पूर्व मंदिर परिसर में सुंदरधाम आश्रम के संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालकदास जी महाराज और गोपाल मंदिर के गादीपति हनुमान दास जी महाराज ने आरती की। जिसके बाद नागेश्वर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा झंडा चौक होते हुए एमजी रोड पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर नजर आया। भगवा ध्वज थामे घुड़सवारों ने यात्रा की अगुवाई कर वातावरण को राममय बना दिया। यात्रा के दौरान धामनोद के प्रसिद्ध भजन गायक ओमप्रकाश पटेल ने अपने साथियों के साथ एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिरस की वर्षा कर दी।



वहीं ढोल और डीजे की धुन पर युवा वर्ग जय-जय श्रीराम के उद्घोष लगाते हुए थिरकते नजर आए। शोभायात्रा में शामिल बाहुबली और नटखट हनुमानजी, राधा-कृष्ण, श्रीराम-लक्ष्मण के जीवंत स्वरूप झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्होंने अपनी नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। जबकि महंत श्री हनुमानदास जी महाराज बग्गी में विराजित होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे।

**फूलों से सुसज्जित डोले में विराजे रामलला–** यात्रा के दौरान फूलों से सुसज्जित डोले में भगवान श्रीराम की मनोहारी प्रतिमा विराजित की गई। यात्रा मार्ग में जगह-जगह महिला श्रद्धालुओं ने डोले की आरती उतारकर पूजन-अर्चन किया, वहीं पुरुषों ने श्रद्धाभाव से





दर्शन लाभ लिया। यात्रा एमजी रोड से मेन चौराहा, जय स्तंभ चौराहा, नंदा मार्ग, कुम्हारा मोहल्ला, विनोबा मार्ग, गुरव मोहल्ला और सराफा मार्ग से होते हुए देर रात करीब 12 बजे पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां आरती के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। इस आयोजन में समिति सदस्य पंडित अखिलेश गौतम, सुनील नामदेव, निशांत सोनी, रितेश कौशल, छोटू बैरागी, लोकेंद्र परिहार, सन्नी वर्मा सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

**अस्त्र-शस्त्र कला का किया प्रदर्शन–** यात्रा में विहिप, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी की टीम ने भी सहभागिता निभाई। टीम द्वारा पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र कला का शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। साथ ही महिलाओं और युवतियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश भी दिया गया। चलित हवन कुंड के माध्यम से पूरे मार्ग में वातावरण को शुद्ध किया गया, वहीं प्रभातफेरी दल हरे राम हरे कृष्ण के संकीर्तन करते हुए भक्ति रस घोलता चला। खोखली माता ग्रुप के बच्चों ने भी ढोल की गूंज से माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। जबकि यात्रा का शहरभर में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता, अनिल राय मित्र मंडल सहित क्षत्रिय राजपूत समाज, सोनी, सिख, ब्राह्मण, अग्रवाल समाज और नगर के हिंदू संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।

**जयमलपुरा में भी निकली यात्रा –** इसी कड़ी में नगर के वार्ड क्रमांक 10 जयमलपुरा क्षेत्र में भी हनुमान भक्त मंडल द्वारा भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर यह यात्रा निकट स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां भी भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# महावीर जयंती पर शहर में धार्मिक कार्यक्रमों की धूम



**अनोखा तीर, खंडवा।**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती 30 मार्च को धार्मिक उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसके पूर्व नगर में प्रतिदिन भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, जिनमें समाजजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि भगवान आदिनाथ की जयंती से लेकर महावीर जयंती तक जैन मंदिरों, धर्मशालाओं एवं विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन भजन संध्या, पालना झुलाना और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में संत निवास परिसर में मां त्रिशला मंडल द्वारा भजन संध्या एवं विनती का बुलावा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन और मातृशक्ति ने भाग लिया। भजनों पर भक्तों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। माताएं अपने बच्चों को बालक वर्धमान के रूप में सजाकर लाई, जिसने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। मंडल की महिलाओं ने पंचकल्याणक महोत्सव में बनने वाले इंद्र-इंद्राणी के स्वागत में भी नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान पंचकल्याणक महोत्सव के लिए इंद्रों का चयन भी किया गया। स्वर्ण सौभाग्यवती कलश विराजमान करने का सौभाग्य मेधा आदित्य को प्राप्त हुआ, वहीं अन्य इंद्रों में दिलीप पहाड़िया परिवार, मीना दिलीप पहाड़िया, जया अविनाश बड़जात्या और रीना ऋषभ गंगवाल परिवार शामिल हैं। सुनील जैन ने बताया कि बजरंग चौक स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में 11 से 16 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित होगा, जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। वहीं पोरवाड़ परिवार द्वारा शुभ मोती परिसर में संगीतमय भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। महिला एवं पुरुष सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भक्ति नृत्य और भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन रेनी लोहाडिया, नीतु जैन और अर्पिता रावका ने किया, जबकि आभार दिलीप पहाड़िया और सुनील जैन ने व्यक्त किया।

# समरस भावना का प्रतीक एक शाम महावीर के नाम

**अनोखा तीर, बड़वाह।** नगर में प्रथम बार सकल जैन समाज (दिगंबर एवं श्वेतांबर) को एक साथ लाने का कार्य (जैन) समर्पण ग्रुप बड़वाह द्वारा किया गया। इस अनूठी पहल के अंतर्गत संगीतमय भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के सुमधुर संगीतकार कमल जैन एवं विशेष रूप से आष्टा से पधारे संगीतकार सचिन जैन की टीम के कलाकारों द्वारा वीर प्रभु की भक्ति से ओत-प्रोत भजन श्रृंखला ने सभी श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई, जिसके पश्चात समाज के वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई।



इस दौरान दोनों संगीतकारों ने बारी-बारी से अपने भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिसमें भजन और भक्ति दोनों की प्रस्तुतियां समान रूप से देखने को मिलीं। इस बीच समर्पण ग्रुप की महिलाओं और बच्चों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में उपस्थित जनों ने बड़े ही आनंदित माहौल में कार्यक्रम को संपन्न किया। साथ ही गर्मी के इस मौसम में सभी ने ठंडाई प्रसादी का भी लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम को सार्थक बनाने की पहल समाज में मौजूद विभूतियों ने की, जिसमें प्रमुख रूप से बाबूलाल जैन, प्रेमचंद पगारिया, सुनील जैन, समाजसेवी सौभाग्यचंद सुराणा, करण जैन, नितिन जैन सहित अन्य समाज सदस्य अग्रणी रहे, जिनका ग्रुप सदस्यों ने सम्मान किया। आभार समर्पण ग्रुप के सदस्य श्रीमती अंकिता श्रेयांश जैन, श्रीमती शिखा अखिलेश जैन, श्रीमती मीता ऋषभ जैन एवं श्रीमती प्राची निशांत जैन ने माना। आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग जितेंद्र सुराणा, शेखर भंडारी, पंकज डाकोलिया, संजय जैन, रजनी भंडारी का रहा।



## जल संरक्षण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित

**अनोखा तीर, खंडवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नवांकुर संस्था निक्की वेलफेयर सोशल सर्विस सोसाइटी द्वारा शारदा एवेन्यू कॉलोनी में भूमि सुपोषण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में मां शारदा मंदिर परिसर में भूमि संरक्षण के उद्देश्य से खेत की मिट्टी का पूजन किया गया। कथावाचक पंडित राकेश तिवारी ने मृदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति के जिन तत्वों का ऋण हम नहीं चुका सकते, उनका सम्मान और संरक्षण करना आवश्यक है। उन्होंने विधि-विधान से मृदा पूजन कर जल स्रोतों के संरक्षण का महत्व भी बताया और कुएं का पूजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक राजकुमार मालाकार ने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में प्रभात फेरी, कलश यात्रा, भूमि, वृक्ष एवं जल स्रोतों का पूजन, मानस पाठ, भजन संध्या, संकीर्तन, आरती, दीपमाला और देवगीत जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रभारी रोशनी झा, मेंटर राहुल राठवे, प्रीति गीते, आशीष पटेल, दिलावर सोनरिस, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष नारायण फरकले सहित समाजकार्य के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# गुड़ी रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्यों पर उठे सवाल





**अनोखा तीर, खंडवा/गुड़ी।** साउथ सेंट्रल रेलवे के खंडवा से आमलाखुर्द तक ब्रॉडगेज रेल ट्रैक तैयार होने के बाद गुड़ी रेलवे स्टेशन पर हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। करीब दो वर्ष पूर्व राइट कंस्ट्रक्शन कंपनी पुणे द्वारा ठेका प्रथा के तहत स्टेशन भवन, यात्री प्रतीक्षालय, प्याऊ और टिकट घर सहित विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए थे। अब इन निर्माणों की गुणवत्ता पर संदेह जताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण अवधि के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही के चलते कार्यों में नियमों की अनदेखी की गई। यही कारण है कि कम समय में ही यात्री प्रतीक्षालय, प्याऊ और टिकट घर जैसे निर्माण क्षतिग्रस्त होने लगे हैं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। इस संबंध में निर्माण कंपनी के ठेकेदार दीपक का कहना है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी देखरेख की जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होती है और कार्य विभाग को सौंप दिया गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि साउथ सेंट्रल रेलवे के अधिकारी समय रहते निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और तकनीकी जांच कराएं, जिससे संभावित खामियां उजागर हो सकें।

# महावीर जयंती पर निकलेगी अनुशासित विशाल रथ यात्रा

**अनोखा तीर, खंडवा।** भगवान महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर 30 मार्च को सकल जैन समाज द्वारा शहर में विशाल एवं अनुशासित रथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि रथयात्रा निर्धारित क्रम और अनुशासन के साथ निकलेगी, जिसमें विभिन्न जैन सामाजिक व धार्मिक संगठनों की सहभागिता रहेगी। जुलूस में सबसे आगे ध्वज व घोड़े रहेंगे, उनके पीछे त्रिशला व नवकार पाठशाला के बच्चे, युवा समूह, बैंड दल, समाजजन और पंचकल्याणक महोत्सव के इंद्र परिवार शामिल होंगे। इसके पश्चात भगवान महावीर का रथ चलेगा, जिसके पीछे ट्रस्टीगण, सामाजिक संगठन और महिला मंडल रहेंगे। प्रचार मंत्री सुनील जैन एवं प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि यात्रा के दौरान निर्धारित स्थानों पर भजन एवं गरबा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रथ खींचने की जिम्मेदारी विभिन्न मंडलों को सौंपी गई है। आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, जिसमें पुरुषों के लिए सफेद तथा महिलाओं के लिए पीले या केसरिया वस्त्र तय किए गए हैं। समाजजनों से बैनर के साथ शामिल होकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। जैन सोशल ग्रुप के सहयोग से रथयात्रा के साथ अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। प्रातः 8 बजे श्री पार्श्वनाथ पोरवाड़ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा से रथयात्रा प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से नगर भ्रमण करेगी। घासपुरा स्थित नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पर ठंडाई वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 11 बजे अग्रवाल धर्मशाला में सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है। जैन सोशल ग्रुप के अध्यक्ष विकास लीना बड़जात्या, सचिव संकल्प प्रज्ञा जैन और कोषाध्यक्ष अंकित प्रियंका जैन ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## विधायक कंचन तनवे ने ग्रामीण क्षेत्रों को दिए पानी के टैंकर

**अनोखा तीर, खंडवा।** रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और पेयजल की समस्या को ध्यान में रखते हुए विधायक कंचन मुकेश तनवे द्वारा जल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर प्रदान किए गए। इस दौरान जसवाड़ी और टीगरिया ग्राम पंचायतों को एक-एक टैंकर वितरित किया गया। ग्राम पंचायत टीगरिया में सरपंच रोहित केथवास तथा जसवाड़ी में सरपंच प्रतिनिधि पिंटू दरबार को टैंकर सौंपे गए। कार्यक्रम में सरपंचों एवं ग्रामीणों का तिलक लगाकर और पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि लोकेन्द्रसिंह गौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही तुलसीराम पटेल, राजकुमार केथवास और सुनील प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने जल समस्या के समाधान के लिए टैंकर उपलब्ध कराने पर विधायक का आभार व्यक्त किया।

## सार-समाचार

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला की स्तुति से गूंजा शहर

### ● सियाराम महावीर मंदिर में हुई राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमीं पर शहर आस्था और उल्लास में डूबा रहा। रविवार दोपहर जैसे ही मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्म का प्रतीकात्मक क्षण आया, शंख-घड़ियाल, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी की गूंज के बीच भए प्रगट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी' की स्तुति से समूचा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



ज्ञात हो कि नगर में गांधी चौक स्थित प्राचीन श्री सियाराम महावीर मंदिर का व्यापारियों और आम नागरिकों के सहयोग से जीर्णोद्धार पूरा कर चैत्र शुक्ल नवमीं को श्री राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन से पूर्व अष्टमी को भगवान के विग्रह को रथ पर विराजित कर नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्थानीय प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए थे। देर शाम तक मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजते रहे और नगर में रामनवमीं का पर्व पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# भोजनालय की रसोई में आग

### ● लकड़ी की सिगड़ी पर रखी तेल की कढ़ाई से भड़की आग

**अनोखा तीर, इटारसी।** नगर में रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक भोजनालय की रसोई में शनिवार सुबह करीब 7 बजे आग लग गई। घटना में भोजनालय में कार्यरत एक कर्मचारी का हाथ झुलस गया। हालांकि, स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। भोजनालय के संचालक दशरथ सिंह राजपूत ने बताया कि गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने के कारण रसोई में लकड़ी की सिगड़ी पर खाना बनाया जा रहा था। खाना बनाते




समय अधिक लकड़ी डालने से आग तेज हो गई। इसी दौरान किसी कर्मचारी ने एग्जॉस्ट फैन चालू कर दिया, जिससे आग और भड़क गई। बताया गया कि लकड़ी की सिगड़ी पर रखी तेल की कढ़ाई में आग लग गई। गर्म तेल गिरने से कर्मचारी कुलदीप का हाथ झुलस गया। रसोई में अचानक आग फैलने से भोजनालय में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद युवाओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। समय रहते आग पर नियंत्रण पा लेने से किसी बड़े नुकसान से बचा जा सका। झुलसे कर्मचारी कुलदीप को प्राथमिक इलाज दिया गया। घटना के बाद कुछ देर तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# जिले के सभी विकासखंडों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय जिला शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित डिजी-उड़ान पहल के अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों पिपरिया, सोहागपुर, बनखेड़ी, केसला, सिवनी मालवा, बाबई और होशंगाबाद में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण सफलता पूर्वक आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों से कुल 568 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुस्कान ड्रीम्स क्रिएटिव फाउंडेशन की टीम द्वारा जिला परियोजना समन्वयक राजेश जायसवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रदीप चौहान, एपीसी (अकादमिक) ने शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व तथा डिजी-उड़ान पहल के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी



दी। विभिन्न विकासखंडों में मुदित पाठक, रवीना एवं खुशबू द्वारा प्रशिक्षण का संचालन किया गया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीआरसीसी, बीएसी, सीएसी, एमआईएस कोऑर्डिनेटर एवं जनपद शिक्षा केंद्रों का सराहनीय सहयोग रहा। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एआई की मूलभूत अवधारणाओं, शिक्षा में एआई के महत्व, कक्षा शिक्षण में एआई टूल्स के उपयोग, पाठ योजना निर्माण, कंटेंट क्रिएशन, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई।

साथ ही एआई के नैतिक उपयोग, संभावित चुनौतियों और जिम्मेदार तकनीकी अपनाने पर भी विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला शिक्षा केंद्र, नर्मदापुरम के अधिकारियों ने बताया कि डिजी-उड़ान पहल का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को डिजिटल और आधुनिक तकनीकों से जोड़ना है, ताकि कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक और छात्र-केंद्रित बनाया जा सके तथा विद्यार्थियों की सीखने की गुणवत्ता में सुधार हो। प्रशिक्षण के अंत में शिक्षकों ने डिजी-उड़ान पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। जिला शिक्षा केंद्र, नर्मदापुरम द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की जानकारी दी गई, जिससे अधिक से अधिक शिक्षक एआई एवं डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बना सकें।

---

### गृहविज्ञान महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह संपन्न

# छात्राओं ने महाविद्यालय को भेंट किया वॉटर कूलर

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

स्थानीय शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय की वर्तमान छात्राओं के लिए वॉटर कूलर भेंट कर अपनी भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग की मिसाल प्रस्तुत की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को याद करते हुए बताया गया कि नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा मात्र 12 छात्राओं से प्रारंभ हुआ यह संस्थान आज हजारों छात्राओं के भविष्य निर्माण का केंद्र बन चुका है। महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1961 में हुई थी, जब गृहविज्ञान विषय में केवल 15 छात्राएं अध्ययनरत थीं, जबकि वर्तमान में लगभग 5000 छात्राएं विभिन्न संकायों में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. श्रीमती कामिनी जैन ने भूतपूर्व छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय प्रतिभाशाली छात्राओं का समुद्र रहा है, जिन्होंने प्रशासनिक सेवाओं, निजी क्षेत्रों, लघु एवं कुटीर उद्योगों तथा इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही बताया कि महाविद्यालय में




उपलब्ध सुविधाओं जैसे बृहद पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, लैंग्वेज लैब, विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, गांधी अध्ययन केंद्र, शोध केंद्र, डिजिटल स्टूडियो, इतिहास एवं पुरातत्व संग्रहालय, छात्रावास, युवा केंद्र, एनसीसी, एनएसएस, वर्मी कम्पोस्ट एवं मशरूम इकाई आदि का भी उल्लेख किया गया, जो छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. भारती दुबे, डॉ. पुष्पा दुबे, डॉ. संगीता अहिरवार, डॉ. संध्या राय, डॉ. श्रुति गोखले एवं डॉ. रागिनी सिकरवार निरंतर छात्राओं का मार्गदर्शन कर रही हैं। संस्था पढ़ती नारी, बढ़ता राष्ट्र की थीम पर कार्य करते हुए प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परिणाम दे रही है। समारोह के दौरान भूतपूर्व छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर, छात्रावास एवं विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और अपने पुराने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा सभी आगंतुक छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. भारती दुबे द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. संगीता अहिरवार ने व्यक्त किया।

---

# डॉ. तोगड़िया के बुदनी दौरे को लेकर तैयारियां तेज, 30 मार्च को होगा आगमन

**अनोखा तीर, बुदनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया के आगामी 30 मार्च को बुदनी नगर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



उनके स्वागत को लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, डॉ. तोगड़िया 30 मार्च की रात करीब 8 बजे बुदनी पहुंचेंगे, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उनका जोरदार स्वागत करेंगे। प्रवास के दौरान वे सक्रिय कार्यकर्ताओं के निवास पर जाकर उनसे सीधे संवाद करेंगे और संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। उनका रात्रि विश्राम सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के निवास पर प्रस्तावित है। अगले दिन पदाधिकारियों से करेंगे भेंट प्रवास के दूसरे दिन 31 मार्च को सुबह डॉ. तोगड़िया संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नेताओं से औपचारिक भेंट करेंगे। इस दौरान वे समसामयिक सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे। इसके पश्चात वे नर्मदापुरम के लिए रवाना होंगे। संगठन के स्थानीय नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने की अपील की है।

---

### ऐतिहासिक रूप से मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

# भव्य शोभायात्रा से राममय हुआ नगर

**अनोखा तीर, सोहागपुर।**

नगर में राम नवमीं के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। राम जन्मोत्सव समिति द्वारा इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी तैयारियां पिछले एक माह से जोर-शोर से चल रही थीं। शाम 04 बजे नगर के प्राचीन शिव-पार्वती मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो रामगंज, मातापुर, खेड़ापति मंदिर, बड़ा मंदिर होते हुए बिहारी चौक पहुंची। यहां नगर के अन्य वार्डों से निकली शोभायात्राएं भी इसमें शामिल हो गईं, जिससे यह यात्रा एक विशाल स्वरूप में परिवर्तित हो गई। शोभायात्रा में नगर सहित बाहर से आए डीजे दलों ने भक्तिमय माहौल बना दिया। विशेष आकर्षण के रूप में स्थानीय



मूर्तिकारों द्वारा निर्मित भगवान श्रीराम और वीर बजरंगबली की विशाल प्रतिमाएं रहीं, जिन्हें देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। बिहारी चौक के बाद यह शोभायात्रा लगभग 1 किमी. लंबी हो गई।

मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। श्री राम चौक पर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर शरबत, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान श्री राम चौक पर करीब एक घंटे तक भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात शोभायात्रा कोर्ट चौराहे पहुंची, जहां हनुमान चालीसा का पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### मां ज्वाला देवी स्थल पर रखे 251 घटों का हुआ भव्य विसर्जन



**अनोखा तीर, माखन नगर।** माता ज्वाला देवी स्थल पानी की टंकी के पास स्थापित किए 251 घटों का भव्यता के साथ समापन हुआ। शनिवार को ज्वाला देवी स्थल से महिलाओं, कन्याओं द्वारा ज्वारे सर पर रख नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए खेड़ापति मंदिर पहुंचे। वहां से बस स्टैंड होते हुए नसीराबाद चौक से मां नर्मदा तट के लिए रवाना हुए। साथ ही स्थापित की गई माता महाकाली की स्थापित प्रतिमा का भी विसर्जन किया गया। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। पहली बार ज्वारे विसर्जन में इतना बड़ा जन सैलाब उमड़ा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु शामिल रहे।

---

# नरवाई जलाने पर एसडीएम ने की सख्त कार्रवाई

### - 3 किसानों पर 25 हजार का जुर्माना

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** शासन, प्रशासन और सामाजिक संगठन हर वर्ष किसानों से नरवाई नहीं जलाने का आग्रह करते आ रहें हैं। जहां फसल अवशेष जलाने से मवेशियों के आहार का नुकसान हो रहा है, वहीं आसपास लगी फसल, हरे भरे पेड़, पौधे, पर्यावरण, जमीन के मित्र कीट, उसकी उर्वरा शक्ति भी नष्ट हो रहीं है। इन्हीं सब को ध्यान में रखते हुए किसानों को समझाइश भी दी जा रहीं है कि नरवाई न जलाएं। लेकिन किसानों के नहीं मानने पर अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाने भी शुरू कर दिए हैं। कलेक्टर, एसडीएम से लेकर पूरा अमला नरवाई नहीं जलाने को लेकर मुस्तेद है। एसडीएम विजय राय के निर्देश पर बनाए गए अनुविभाग स्तरीय व ग्राम स्तरीय नरवाई प्रबंधन व निगरानी दल लगातार क्षेत्र में सक्रिय है, जो नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में तहसील शिवपुर के ग्राम बाबरी में निरीक्षण के दौरान खेतों में नरवाई जलाने के मामले सामने आए। जांच में पाया कि संबंधित कृषकों द्वारा राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार शिवपुर ने जुर्माना प्रकरण बनाकर एसडीएम को प्रस्तुत किए। जिस पर एसडीएम श्री राय ने त्वरित कार्यवाही करते हुए 3 अलग-अलग मामलों में कुल 25 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया। ग्राम स्तरीय नरवाई प्रबंधन एवं निगरानी दल द्वारा मौके पर निरीक्षण के आधार पर मंगल सिंह पिता रामराज 10 हजार रुपए ग्राम बाबरी, राजकुमार पिता चंदर सिंह 10 हजार ग्राम बाबरी, राजकुमार पिता चंदरसिंह 5 हजार रुपए जुर्माने की कार्रवाई की गई। एसडीएम विजय राय ने ग्राम बाबरी में कृषक द्वारा नरवाई जलाने पर मौके पर उपस्थित होकर संबंधित कृषक पर दंडात्माक कार्यवाही किए जाने निर्देशित किया।

### नरवाई जलाने पर जुर्माना, एफआईआर की जाएगी

एसडीएम राय ने स्पष्ट कहा है कि नरवाई जलाना कानूनन अपराध है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगरानी दल लगातार सक्रिय है और भविष्य में यदि कोई भी कृषक नरवाई जलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए भारी जुर्माना और एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही कृषकों से इस राशि की वसूली भी की जाएगी। यदि कृषकों द्वारा जुर्माना राशि जमा नहीं की जाती है तो इसकी प्रविष्टी संबंधित कृषकों के खसरों में भी की जाएगी। जिससे उन खातों पर ऋण, खाद, उपार्जन में फसल विक्रय इत्यादि कार्यों में कठिनाई का समाना करना पड़ेगा। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपाय अपनाएं और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

---

# रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धा और उत्साह से झूमा नगर

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** रामनवमी के पावन पर्व पर सेमरी हरचंद में शुक्रवार को भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मुख्य मार्ग श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ हुई जिसका समापन खेड़ापति मंदिर पर हुआ।



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम नवमी के अवसर पर निकाली गई इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरा वातावरण जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय श्री राम मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन के पश्चात हुआ। यात्रा में भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य झाकियां सजाई गई थीं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं। रंग-बिरंगे फूलों और विद्युत सज्जा से सुसज्जित रथों पर बाल कलाकारों ने राम-सीता, लक्ष्मण का स्वरूप धारण कर उपस्थित जन समुदाय को भाव-विभोर कर दिया। शोभायात्रा में बैंड-बाजे की मधुर धुनों के साथ-साथ भजन-कीर्तन मंडलियां भी चलती रहीं, जिनके भक्तिमय गीतों ने पूरे वातावरण को श्रद्धामय बना दिया। यात्रा मार्ग के दोनों ओर खड़े ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर भगवान राम की शोभायात्रा का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। शोभायात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई पुन: मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां विशेष आरती का आयोजन किया। शोभा यात्रा में शामिल राम भक्तों का मुस्लिम समाज द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

---

# संयुक्त माली सैनी समाज की अहम बैठक आज

अनोखा तीर, नर्मदापुरम। संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति द्वारा समाज के महापुरुष महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रैल को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में आज 29 मार्च को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक अंकुर संस्था, नेहरू चौक स्थित परिसर में सायं 6 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में आगामी जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी, साथ ही विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण और समाज के अधिकतम सहयोग को लेकर चर्चा होगी। समिति ने समाज के सभी जागरूक एवं समर्पित सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। समिति को विश्वास है कि सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन समाज में नई ऊर्जा, एकता और संगठन की भावना को मजबूत करेगा।

# जमुनिया में बिजली विभाग ने काटा ग्राम पंचायत का कनेक्शन



### - बकाया बिल न जमा होने पर हुई कार्रवाई

**अनोखा तीर, सेमरी हरचंद।** ग्राम जमुनिया में बिजली विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत का विद्युत कनेक्शन काट दिया। यह कार्रवाई लंबे समय से बकाया बिजली बिल जमा न करने के कारण की गई। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जमुनिया पर विद्युत वितरण खंड का काफी समय से बिजली बिल बकाया चला आ रहा था। विद्युत विभाग के जेई रविशंकर धुर्वे ने बताया विभाग की ओर से पूर्व में नोटिस दिए जाने के बावजूद पंचायत द्वारा 4 ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन की बकाया धनराशि लगभग 7 लाख जमा नहीं की गई। जिसके कारण विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया, पिछले एक हफ्ते से इन्हें राशि जमा करने को कहा जा रहा था। बिजली कटने के बाद ग्राम पंचायत के कामकाज पर सीधा असर पड़ा है। पंचायत भवन में बिजली न रहने से ग्रामीणों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और हैंड पंपों पर पानी भरने के लिए भीड़ लग रही है। यहां बारी-बारी से अपने नंबर के साथ लोग पानी की लाइन में बर्तन रखने दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने पंचायत प्रशासन से शीघ्र बकाया जमा कर कनेक्शन बहाल कराने की मांग की है। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बकाया बिल जमा होने के पश्चात ही कनेक्शन पुन: जोड़ा जाएगा।



### अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ

अनोखा तीर, खंडवा। मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग भोपाल के तत्वावधान में सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा प्रथम बार आयोजित दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन एवं संत हिरदाराम साहित्य गौरव सम्मान समारोह का शनिवार को शुभारंभ हुआ। सम्मेलन में खंडवा के वरिष्ठ सिंधी व हिंदी साहित्यकार निर्मल मंगवानी भी शामिल हुए। उद्घाटन सत्र सिंधी साहित्य लोक से विश्व तक विषय पर आयोजित हुआ, जिसमें संत हिरदाराम साहिब कुटिया प्रमुख सिद्ध भाऊ मुख्य अतिथि रहे। विशेष अतिथि के रूप में विधायक भगवानदास सबनानी, मोहन गेहानी, डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी और अकादमी निदेशक राजेश वाधवानी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सिंधी भाषा, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण व प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम में अकादमी द्वारा प्रकाशित वार्षिक पुस्तक 'सिंधु मशाल' का विमोचन किया गया। वहीं संत हिरदाराम साहित्य गौरव सम्मान से नारी लच्छवाणी, नंदकुमार सनमुखानी और डॉ. नादिया मसंद को एक-एक लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में सिंधी संत साहित्य, राष्ट्रभक्ति और आत्मकथाओं जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। रात्रि में सिंधू महोत्सव के अंतर्गत सिंधी नाटक ओ मेरे झूलेलाल साईं का मंचन किया गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में साहित्यकारों की भागीदारी रही।

# अनामिका ने प्राप्त किए 85 प्रतिशत अंक, स्कूल में प्रथम

**अनोखा तीर, माखन नगर।** एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला बागड़ा तबा कक्षा आठवीं के रिजल्ट के परिणाम में अनामिका नायक ने 85 प्रतिशत अंक लाकर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल परिवार के समस्त शाला सदस्यों, क्षेत्रवासियों ने अनामिका नायक की इस उपलब्धि पर बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की। शाला परिवार के वरिष्ठ सदस्य शिखक वंदना दुबे, रतन चंदेल, बृजेश त्रिवेदी जन शिक्षक सहित वरिष्ठ शाला सदस्यों ने अनामिका को बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## सार-समाचार

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य पर साइकिल साइक्लोथों प्रारंभ

**अनोखा तीर, कन्नौद।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में जिला देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति सौम्या जैन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी को अपने अनुभाग अंतर्गत नागरिकों को राष्ट्रीय एकता तथा विकास के लिए प्रेरित करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाने हेतु बताया गया था। जिसके अंतर्गत थाना कन्नौद में स्कूली बच्चे,



खिलाड़ी बालक, बालिका, जन प्रतिनिधि तथा आमजन के साथ थाना कैंपस से साइकिल साइक्लोथों प्रारंभ कर बस स्टैंड मुख्य मार्ग नगर पंचायत छत्रपति मार्ग बाईपास होकर थाना कैंपस में समापन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कन्नौद आदित्य तिवारी तथा थाना प्रभारी तहजीब काजी ने स्कूली बच्चों, खिलाड़ी बालक, बालिकाओं तथा आमजन को बताया कि किस प्रकार स्वतंत्रता उपरांत विभिन्न रियासतों को जाति, धर्म, प्रांत से ऊपर राष्ट्र के बारे में प्रेषित कर भारत राष्ट्र का गठन किया गया। हमें भी वर्तमान समय में आपसी जाति, धर्म, भाषा, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्र के विकास एवं उन्नति के लिए अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर नगर के आमजन, माननीय नागरिक खिलाड़ी बालक बालिकाएं उपस्थित रहे। उनके द्वारा देशभक्ति के नारे लगाए गए और राष्ट्र के विकास के लिए अपना योगदान देने का प्रण लिया गया।

### स्वर्णकार समाज का मिलन समारोह का हुआ समापन

**अनोखा तीर, सारनी।** नगर पालिका क्षेत्र के सोनी समाज का मिलन समारोह रामनवमी के अवसर पर शोभापुर स्थित मालवीय लान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालक लोकेश सोनी एवं स्वाति सोनी ने बताया कि मिलन समारोह में जिले भर के सोनी समाज के लोग एकत्रित हुआ। रामनवमी के अवसर पर नौ कन्याओं का पूजन कर कन्या भोज कराया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रुपलाल सोनी ने मंच से सभी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। समाज का संगठन समाज को




एकजुट रखता है, कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों द्वारा समाज के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सोनी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मध्य में समाज के प्रतिभावान छात्रों एवं प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया जिसमें प्रमुख रुप से ख्याति सोनी, लवी सोनी, जतिन सोनी, तन्वी सोनी का सम्मान किया गया। बच्चों में उत्साह बना रहा एवं कठिन परिस्थितियों में भी लड़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया गया, इस दौरान समाज के दिवंगत लोगों को भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर याद किया गया। समाज द्वारा तय किया गया कि समाज द्वारा निर्धन बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर सराफा संघ के अध्यक्ष गोलू सोनी, बैतूल स्वर्णकार समाज अध्यक्ष संजय सोनी, आमला व्यापारी संघ अध्यक्ष अनिल सोनी, देवेंद्र सोनी, अजय सोनी, रमेश सोनी, जयंत सोनी, लोकेश सोनी, मनीष सोनी, अमित सोनी, मुकेश सोनी, के अलावा सोनी समाज महिला मंडल की अर्चना सोनी, अंकिता सोनी, रुपाली सोनी, सुरभि सोनी, रश्मि सोनी, भावना सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

#### सूबेदार दयानंद लिल्होरे की अंतिम यात्रा

### ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी, दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अनोखा तीर, बैतूल।** बैतूल जिले के ग्राम सेहरा निवासी भारतीय सेना में सेवारत सूबेदार दयानंद लिल्होरे का गत दिवस उपचार के दौरान निधन हो गया। शनिवार को उनके पैतृक गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्टेशन मुख्यालय भोपाल की सैन्य इकाई द्वारा



गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं सैनिक उपस्थित रहे। एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुमित सिंह सहित अन्य अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा भी भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भी शहीद भवन बैतूल में पार्थिव देह को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

#### मंदिरों में हर्षोल्लास से मनाई श्रीराम नवमी

# श्री कृष्ण मंदिर में छोटे बच्चों को झूले में झुलाया

अनोखा तीर, बैतूल।

श्रीराम नवमी के अवसर पर जिले भर के मंदिरों में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। शुक्रवार को श्री राधाकृष्ण मंदिर गंज, राजेंद्र वार्ड स्थित श्री कृष्ण पंजाबी मंदिर और श्रीराम मंदिर रामनगर में प्रभु श्रीराम का अवतरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम के अवतरण का पर्व श्रीराम नवमी पूर्ण हर्षोल्लास से मनाई गई। जिसमें नरेश शर्मा, राजू दीक्षित, नितिन शर्मा एवं योगू शर्मा के साथ रामायण मंडल के सदस्यों द्वारा रामायण में वर्णित बाल कांड के दोहे के साथ एक से बढ़कर एक सुमधुर भजन कीर्तन और महाआरती की गई। ज्योतिषाचार्य और शिक्षाविद श्रीकांत दीक्षित ने श्रीराम के जीवन चरित पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विष्णु ने रावण के विनाश और धर्म स्थापना के लिए मानवीय रूप में जन्म लिया। जब रामलला का जन्म हुआ, तब चारों ओर



आनंद छा गया और देवतागण पुष्प वर्षा करने लगे। माता कौशल्या ने प्रभु के दिव्य चतुर्भुज रूप के दर्शन किए। मुनि वशिष्ठ ने उनका नामकरण किया, जिसमें राम नाम का अर्थ है जो अखिल ब्रह्मांड को आनंद दे। उसी परंपरा के अनुसार आज भी पूरे विश्व में श्रीराम नवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का अवतरण दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाता है। वहीं श्री कृष्ण मंदिर राजेंद्र वार्ड और रामनगर स्थित श्रीराम मंदिर में भी श्रीराम का अवतरण दिवस मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु एवं श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रामनवमी की बधाई दी।

## आज होगा गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन

अनोखा तीर, देवास/कांटाफोड़। सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और वैवाहिक परंपराओं को सशक्त बनाने की दिशा में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित पांचवां नि:शुल्क अखिल भारतीय युवा-युवती परिचय सम्मेलन 29 मार्च, रविवार को उज्जैन रोड़ स्थित श्याम गार्डन में भव्यता के साथ आयोजित होने जा रहा है। देवास जिला सभा के तत्वावधान में आयोजित इस विशाल सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से समाजबंधुओं का जनसैलाब उमड़ेगा, जिससे यह आयोजन एक राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक महाकुंभ का रूप लेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, वहीं अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष माया त्रिवेदी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथियों के रूप में समाज के कई वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जिनमें सत्य प्रकाश जोशी, प्रद्युम्न जोशी, राजेश त्रिवेदी, डॉ. रानी व्यास, दीपक जोशी, भारती तिवारी, सुबोध शर्मा, प्रीति पुरोहित, शीला शर्मा, योगेंद्र महंत, स्वतंत्र जोशी, रितेश शर्मा, संजय शुक्ला, दिनेश मिश्रा, पुरुषोत्तम शर्मा, सागर मल जोशी, जितेंद्र उपाध्याय और रमेश खटोड़ शामिल हैं। इस भव्य आयोजन के सूत्रधार एवं मार्गदर्शक प्रमोद व्यास के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा एवं संयोजक कमलेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन का शुभारंभ प्रात: 9 बजे महर्षि गौतम की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ होगा, जो समाज की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक रहेगा। सम्मेलन में शामिल होने वाले समाजबंधुओं के लिए व्यापक और उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। नि:शुल्क चाय, नाश्ता एवं भोजन की विशेष व्यवस्था के साथ-साथ विभिन्न स्थानों से समाज के सहयोगियों द्वारा आइसक्रीम, जल एवं पारंपरिक पोहा-जलेबी जैसे व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया जा सके। इस आयोजन में लगभग 2000 से अधिक समाजबंधुओं के शामिल होने की संभावना है, जो इसे एक ऐतिहासिक और यादगार आयोजन बनाएगा। इस अवसर पर मधुर मिलाप स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा, जो समाज की गतिविधियों और उपलब्धियों का दर्पण होगी। साथ ही समाज के 21 उत्कृष्ट समाजसेवियों को उनके सराहनीय कार्यों के लिए अभिनंदन पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। स्मारिका की सहयोग राशि 400 रुपए निर्धारित की गई है, जिसे इच्छुक सदस्य प्राप्त कर सकते हैं। इस भव्य सम्मेलन में राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों से समाज के प्रतिनिधि भाग लेकर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश देंगे। यह आयोजन न केवल वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ करने का मंच बनेगा, बल्कि समाज के लोगों को एकजुट कर नई ऊर्जा, नई दिशा और नई पहचान देने का कार्य भी करेगा। देवास की धरती पर आयोजित यह सम्मेलन समाज की एकता, संगठन और प्रगति का जीवंत उदाहरण बनेगा।

## कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहना अनिवार्य

#### - मोबाइल हर समय ऑन रखने के निर्देश, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**अनोखा तीर, बैतूल।** नगर पालिका परिषद बैतूल के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे ने आदेश जारी कर नगर पालिका अधिनियम में शामिल अतिआवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार जल प्रदाय, सफाई व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे। सीएमओ ने सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को अपना मोबाइल फोन हर समय चालू रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल संपर्क किया जा सके। साथ ही सभी शाखाओं से संबंधित फाइलों का निराकरण अवकाश दिवसों को छोड़कर अधिकतम 72 घंटे के भीतर करना अनिवार्य किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक के निर्देश पर नेहरू पार्क का निरीक्षण

#### बंद फाउंटेन और झूलों की मरम्मत जल्द कराने के दिए निर्देश

**अनोखा तीर, बैतूल।** विधायक के निर्देश पर शनिवार सुबह 8 बजे नेहरू पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, उपाध्यक्ष महेश राठौर और वार्ड पार्षद वर्षा बारस्कर सहित नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पार्क में गंदगी और वर्षों से जमा कचरा मिलने पर तत्काल सफाई के सख्त निर्देश दिए गए। लंबे समय से बंद पड़े फाउंटेन और क्षतिग्रस्त झूलों को जल्द ठीक कराने के लिए इंजीनियरों को निर्देशित किया गया, ताकि आम लोगों और बच्चों



को परेशानी न हो। अधिकारियों ने पाया कि पार्क का मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर कॉफी पुराना हो चुका है और सामान्य मरम्मत से सुधार संभव नहीं है। इसके चलते इंजीनियरों को अनुभवी आर्किटेक्ट के माध्यम से नई योजना तैयार करने और पार्क के आधुनिक विकास के लिए विस्तृत डीपीआर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। डीपीआर तैयार होने के बाद शासन से फंड की मांग की जाएगी। बड़े निर्माण कार्य शुरू होने तक पार्क में प्रकाश, पानी, बैठने की व्यवस्था और बच्चों के लिए झूलों जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# बड़गांव में सिंगाजी महाराज परचरी पुराण के समापन में आए हजारों श्रद्धालु

अनोखा तीर, बैतूल।

रामनवमी के पावन अवसर पर जिले के ग्राम बड़गांव में संत श्री सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण का समापन भव्य धार्मिक और सामाजिक महासंगम के रूप में हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, प्रदेश और स्थानीय स्तर के पदाधिकारियों के साथ हजारों श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। महाराष्ट्र के मेलघाट क्षेत्र सहित खंडवा, खरगोन, महेश्वर, बड़वानी और पूरे निमाड़ क्षेत्र से समाज के प्रमुख प्रतिनिधि यहां पहुंचे, जिससे आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप मिला। समापन अवसर पर विशाल भंड़ारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामवासियों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सखाराम यादव, युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष मुकेश पटेल और प्रदेश उपाध्यक्ष शांतिलाल यादव सहित कई वरिष्ठजन उपस्थित रहे।




### 2022 से लगातार हो रहे धार्मिक आयोजन

भैंसदेही से करीब 7 किमी दूर स्थित बड़गांव में वर्षों से धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां नवयुवक मंडल द्वारा पिछले पांच वर्षों से लगातार आयोजन किए जा रहे हैं। वर्ष 2022 में रमेश महाराज द्वारा कथा, 2023 में निशि चौहान द्वारा प्रवचन, 2024 में रोहितानंद महाराज द्वारा कथा, 2025 में जया देवी द्वारा प्रवचन तथा 2026 पुन: रमेश महाराज द्वारा कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक सम्मेलन भी किया गया। कार्यक्रम संत सिंगाजी गवली समाज संगठन के जिला अध्यक्ष भूरा यादव और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में विभिन्न गांवों में युवा मोर्चा के नए संगठन बनाए गए। संत सिंगाजी रानियां गवली समाज युवा संगठन बड़गांव अध्यक्ष श्री शैलेश मुंडे, डोडाजाम बरेठा में आशाराम साठे, चाटुपाड़ी बाशिंदा में गोविंद चौहान, जमनिया में मधु पाटनकर, राक्सी में अंकित येवले, खैरा में राजेश यादव काजले, पलस्या में गोलू डमाले, माजरवानी में संतोष भावरे, गोरेगांव में संदीप येवले, कुनखेड़ी में नरेंद्र काजले, प्रभुढ़ाना में दिलीप दीनू पाटनकर तथा उत्ती में अध्यक्ष पुनु घुमारे को नियुक्त किया गया।

# फर्जी साईन करके जारी कर दिया, फर्जी प्रतिवेदन

#### सांवलीगढ़ में सागौन की अवैध कटाई मामले में लिप्त नाकेदार ही बन गया रेंजर

अनोखा तीर, बैतूल।

बैतूल जिले में वनों का जिस तेजी से सफाया हो रहा है, वो तो अत्यधिक चिंताजनक बना हुआ है पर पश्चिम वन मंडल से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक नाकेदार ने रेंजर के फर्जी साइन करके एक प्रेस रिलीज करवा दिया जिसमें सैकड़ों सागौन के पेड़ों की कटाई को सिरे से खारिज करते हुए महज एक पेड़ की कटाई बताकर मामले को रफादफा करके भोपाल का राज्यस्तरीय उड़नदस्ता लौट गया जिसमे सांठगांठ की गई थी जिसकी खबर भी हमारे द्वारा प्रमुखता से उठाई गई थी। वहीं वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष ने भी टीम के आने की जानकारी से इंकार किया गया था जबकि इस प्रेस रिलीज में समिति प्रमुख का उपस्थित होना बताया गया वहीं जिन सरकारी दस्तवेजो को विभाग बिना सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नियमानुसार दिया जाता है। उसे ऐसे ही धौल बीट के नाकेदार ओमपाल द्वारा सार्वजनिक कर दिया गया महेश साहू द्वारा खबर को जारी किया गया उनका कहना है कि नाकेदार ओमपाल द्वारा दिए गए प्रेस नोट के आधार पर खबर जारी की गई है। वहीं इस मामले में सांवलीगढ़ रेंजर भीमा मंडलोई से बात करने पर उन्होंने से सिरे से इस बात को नकार दिया कि इस तरह से कोई भी प्रेस नोट हमारे द्वारा जारी नही किया है। हां कल नाकेदार ओमपाल बैतूल गया था जिसने यह प्रेस नोट फर्जी साइन करके जारी करवाया है।

इस मामले में अंडर ट्रेनिंग आईएफएस ध्रुव श्रीवास्तव की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है। क्योंकि जब मौके पर उन्होंने खुद कटिंग होने की बात स्वीकारी थी और इसके बाद भी कोई कार्यवाही आज तक नही की गई वहीं जब राज्यस्तरीय उड़नदस्ते की जांच हुई तब भी एसडीओ मौके पर मौजूद थे। तो फिर कार्यवाही से परहेज क्यों वहीं 15 दिन से अधिक हो गया रेंजर द्वारा भी कटिंग होना पाया था और प्रतिवेदन भी डिवीजन भेज दिया गया था। उस प्रतिवेदन को डीएफओ तक पहुंचने ही नही दिया गया इससे साफ है कि एसडीओ ने नाकेदार ओमपाल से सेटिंग कर ली है इसी कारण उसे बचाने में लगे हुए है। वहीं राज्यस्तरीय जांच टीम को भी सेट करके बिना जंगल घुमाए वापस भेज दिया गया उनके साथ भी सांठगांठ होने की बात सूत्रों के हवाले से पता चली है। अब यहां बड़ा सवाल यह है कि इस तरह यदि कोई नाकेदार रेंजर के फर्जी साइन करके जब कोई सरकारी दस्तावेज को प्रेस रिलीज कर सकता है वो कल को किसी भी विभागीय दस्तावेज को सार्वजनिक कर सकता है। जिससे विभाग की गोपनीयता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।

वहीं जो जांच टीम द्वारा पंचनामा मौके पर किये गए पीओआर और अन्य सरकारी दस्तवेजो को सार्वजनिक किया जाना कहां तक सही है और इस मामले में अब ऐसे लापरवाह और फर्जी नाकेदार पर धोखाधड़ी और चार सौ बीसी का मामला दर्ज होना चाहिए ताकि सरकारी दस्तावेजों का दुरुपयोग रोका जा सके अन्यथा भविष्य में इस तरह से फर्जी साइन और सरकारी दस्तावेजों को सार्वजनिक होने पर कोई आश्चर्य वाली बात नही होगी।

अब देखने वाली बात यह होगी इस तरह से सरकारी दस्तावेजों को सार्वजनिक करना और रेंजर की फर्जी साइन करने वाले नाकेदार पर सीसीएफ बैतूल द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है या इसी तरह पश्चिम वन मंडल में किसी बड़ी गोपनीय जानकारी के सार्वजनिक होने और विभाग की छवि धूमिल होने का इन्तेजार किया जाएगा।

### 143 करोड़ का सालाना बजट नगर पालिका में हुआ पारित, परिषद की लगी मुहर



**अनोखा तीर, सारनी।** नगर पालिका का परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका ने 143 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया। कई विकास कार्यों को बजट में शामिल किया गया है। नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से बैठक प्रारंभ हुई। अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम की उपस्थिति में सम्मेलन हुआ। बैठक में वित्त शाखा के सभापति दशरथ सिंह जाट की उपस्थिति में सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर ने सालाना बजट प्रस्तुत किया। अनुमानित 143 करोड़ रूपए का बजट परिषद के समक्ष रखा गया। सहायक लेखाधिकारी ने बजट को विस्तार पूर्वक पढ़कर प्रस्तुत किया। नगर में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में गार्ड-गनमैन, आउट सोर्स कर्मचारियों के टेंड़र को लेकर चर्चा हुई। नगर पालिका ने हाईकोर्ट के महाधिवक्ता के अभिमत अनुसार निर्णय का प्रस्ताव रखा। परिषद ने महाधिवक्ता के अभिमत अनुसार शार्ट टाइम टेंडर प्रक्रिया करने का निर्णय लिया। बैठक में पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना ददन सिंह, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना बंडू माकोड़े, हरिता पाल, इशरत बी, रूपलाल बेलवंशी, बेबी ठाकुर, प्रीति सुरेश मानकर, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, ताहिर अंसारी, जफर अंसारी, महेंद्र भारती, वंदना बबलू वामनकर, अनीता बेलवशी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, कविता पटैया, रेखा मायवाड़, मनोज कुमार डेहरिया, रेखा भलावी, सरिता वागद्रे उपस्थित थे। स्वच्छ भारत मिशन के तहत दूषित जल उपचार संयंत्र निर्माण लागत 35 करोड़ बजट में शामिल किया गया।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

### मॉडल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनोखा तीर, हरदा।** मॉडल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवीं के कुल 31 छात्र-छात्राओं में सभी फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर उपासना सोनी ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, तनुश्री देवहरे ने 85.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं नितिन ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा आठवीं के 32 छात्र-छात्राओं में से सभी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उत्तीर्ण हुए, जिसमें नीरज ने 89.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान, पलक ने 87.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं भूमिका बारपटे ने 87.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।






### खाद-बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण, सैंपल जांच हेतु भेजे

**अनोखा तीर, करताना।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशों के परिपालन में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त दल ने खाद-बीज विक्रेताओं के विक्रय स्थलों का औचक निरीक्षण किया। दल में राजस्व से एसडीएम हरदा



अशोक डेहरिया, कृषि विभाग से एसडीओ रचना पटेल, कृषि विस्तार अधिकारी दुर्गा निगवाल एवं अनिल मलगया शामिल थे। निरीक्षण के दौरान गुर्जर कृषि सेवा केन्द्र एवं प्रशांत एग्रो सेंटर हरदा के उर्वरक एवं पेस्टीसाइड विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। साथ ही गुर्जर कृषि सेवा केंद्र से एमओपी एवं सिंगल सुपर फास्फेट के सैंपल लेकर जांच हेतु लैब भेजे गए।

### नरवाई की आग से घर में लगी आग, हजारों का नुकसान

**अनोखा तीर, करताना।** करीबी गांव नौसर में शनिवार को खेत में जल रही नरवाई की आग हवा के चलते टीटी नगर में रहने वाले कलेसिह गौड के घर तक पहुंच गई। घटना दोपहर की बताई जा रही है। आग की चपेट में आने से कलेसिह के घर में रखा दो टैंक गेहूं, भूसा, गेहूं-चना, लकड़ी और अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। गांव में आग लगने की जानकारी



मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, कोटवार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा पानी के टैंकर और कैनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर हरदा से फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। पटवारी अनुराग गौर ने बताया कि गांव के कोटवार द्वारा शाम करीब चार बजे कलेसिह के घर आग लगने की सूचना दी गई थी। मौके पर पंचों द्वारा बताया गया कि कलेसिह के घर में आग पड़ोसी खेत में जल रही नरवाई के कारण पहुंची है। कलेसिह द्वारा सामान जलने की जानकारी दी गई है, जिससे करीब 20 से 25 हजार रुपए के नुकसान का अनुमान है। पटवारी ने बताया कि पंचनामा नायब तहसीलदार को सौंपा जाएगा।

### कांग्रेस ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर मुक्तिधाम के पास बन रहे प्लांट का किया विरोध

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के घंटाघर चौक पर शनिवार को कांग्रेस ने मुक्तिधाम के पास प्रस्तावित कचरा ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने प्लांट के खिलाफ हस्ताक्षर किए। अभियान में शामिल किसी भी व्यक्ति ने प्रस्तावित प्लांट के



पक्ष में अपनी सहमति नहीं दी। पूर्व नपाध्यक्ष हेमंत टाले ने बताया कि जिस स्थान पर लीगेसी वेस्ट रेमिडियेशन कार्य की डीपीआर पर विचार किया जा रहा है, वहां वर्तमान में भी नगर पालिका द्वारा पूरे शहर का कचरा डंप किया जाता है। यहां लगातार लगने वाली आग के कारण पूरे शहर में जहरीला धुआं फैलता है, जिससे आसपास के निवासियों को सांस लेने में भी कठिनाई होती है। टाले ने आगे बताया कि यह स्थल नदी से सटा हुआ है, और यहां इस तरह का निर्माण एनजीटी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन होगा। यदि इस स्थान पर प्लांट स्थापित किया जाता है, तो भविष्य में भूमिगत जल, दुर्गंध और कचरा जलने से लगातार प्रदूषण फैलता रहेगा। यह निर्णय शहर की मौजूदा समस्या को कम करने के बजाय स्थायी रूप से बढ़ा देगा। उन्होंने नपाध्यक्ष और पार्षदों को लिखे पत्र में सुझाव दिया कि पूर्व में रिछाड़िया में जिस स्थल का चयन तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एनजीटी के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए किया गया था, उसी स्थान पर यह प्लांट शुरू किया जाना चाहिए। रिछाड़िया का चयनित स्थल ऐसे प्लांट की स्थापना के लिए सभी नियमों पर खरा उतरता है। हेमंत टाले ने कहा कि रिछाड़िया में प्लांट के चालू होने से शहरवासियों के स्वास्थ्य पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही प्रदूषण फैलने की संभावना होगी। इसके अतिरिक्त, इस प्लांट के संचालन से नगर पालिका का आर्थिक व्यय भी बचेगा। उन्होंने नपाध्यक्ष से हरदा नगर के हित में उचित निर्णय लेने की अपील की है।

---

चैत्र नवरात्रि का भव्य समापन

# श्रद्धा से हुआ ज्वारों का विसर्जन

**अनोखा तीर, हरदा।**

नगर में मां शक्ति की आराधना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों के बाद नवमी पर विशेष पूजा-अर्चना, कन्या भोज और हवन के साथ माता रानी को विधिवत विदाई दी गई। नवमी तिथि पर सुबह से ही मंदिरों और घरों में धार्मिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए थे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से कन्या पूजन कर बालिकाओं को देवी स्वरूप मानते हुए उनका पूजन किया और कन्या भोज कराकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही हवन-पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इसके पश्चात भव्य जुलूस के रूप में ज्वारों का विसर्जन किया गया। वार्ड क्र.4 खेड़ीपुरा से महिलाएं सिर पर ज्वारे रखकर भक्ति गीतों पर झूमते-गाते हुए



आगे बढ़ीं, वहीं युवा ढोल-नगाड़ों की धुन पर उत्साह के साथ शामिल हुए। पूरा नगर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। जुलूस अजनाल नदी के तट पर पहुंचा, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद ज्वारों का विसर्जन किया गया। घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और वातावरण भक्तिमय हो गया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए अगले वर्ष भी इसी आस्था और उत्साह के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जागृति, संजय, शारदा, अक्षत, आश्रय, ऋषि खोदरे, ऋषिका, माही, रीना सहित अन्य उपस्थित रहे।



# उमरिया में खेत में लगाई गई आग

- पड़ोसी के खेत में काम करने वाले युवक पर आरोप
- समझौते की कोशिश नाकाम होने पर थाने पहुँचा मामला
- 40 सिंचाई पाइप जलकर खाक—30 हजार का नुकसान, एफआईआर दर्ज

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

ग्राम उमरिया में दोपहर के समय खेत में लगाई गई आग ने देखते-ही-देखते 13 एकड़ कृषि भूमि के एक हिस्से को चपेट में ले लिया। इस घटना में सिंचाई के लिए बिछाए गए लगभग 40 पाइप जल गए, जिससे किसान परिवार को करीब 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले में हमराह राजेश यदुवंशी के साथ थाना पहुंची फरियादिया पूजा पति अमित पचरिया (36) की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। एफआईआर में दर्ज विवरण के अनुसार, पूजा के चाचा ससुर पट्टी पिता शंकरलाल पचरिया (निवासी औरंगाबाद) के नाम पर उमरिया में 13 एकड़ कृषि भूमि है, जिस पर परिवार बीते 15-20 वर्षों से खेती करता आ रहा है। 25 मार्च को दोपहर लगभग एक बजे पड़ोसी अन्जू केवट के खेत में काम करने वाले शैलेन्द्र सांवरिया ने मधु (महुआ) के पेड़ के नीचे आग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग तेज़ी से फैली और पूजा के खेत में रखे सिंचाई पाइपों तक पहुँच गई। मौके पर मौजूद कपिल और रोहित ने



आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक 40 पाइप पूरी तरह जल चुके थे।

आरोप है कि घटना के बाद शैलेन्द्र सांवरिया मौके से भाग गया। शिकायत में कहा गया है कि घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौते की बातचीत चली, लेकिन सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद पूजा ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जाँच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर विवेक यादव को सौंपी गई है। पुलिस ने प्रथम सूचना के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। जाँच अधिकारी मौका-मुआयना, गवाहों के बयान और नुकसान के आकलन के बाद उचित धाराओं में कार्रवाई आगे बढ़ाएंगे। ग्रामीणों ने खेतों के आसपास आग जलाने को लेकर सतर्कता बरतने की माँग की है।

### एएनएम वर्ष-2023 परीक्षा के अभ्यर्थियों का पुनः परीक्षण 6 से 17 अप्रैल तक

अनोखा तीर, हरदा। अपर संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा ने बताया कि महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) वर्ष 2023 परीक्षा के अंतर्गत अपात्र घोषित अभ्यर्थियों का पुन: परीक्षण 6 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक (अवकाश दिवसों को छोड़कर) किया जाएगा। परीक्षण संचालनालय जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल, चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं म.प्र. पब्लिक हेल्थ कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल में होगा। संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों पर उपस्थित होकर परीक्षण करा सकेंगे।

## महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महा महोत्सव 30 को

**अनोखा तीर, हरदा।**

वर्तमान शासन नायक, देवाधिदेव भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महा महोत्सव का आयोजन 30 मार्च सोमवार को बड़े हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज, हरदा द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक में कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 5.30 बजे प्रभात फेरी से होगी, जिसमें बच्चों सहित अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई है। इसके पश्चात सुबह 7.30 बजे 108 कलशों से 64 रिद्धि सिद्धि मंत्रों से भगवान का मस्तकाभिषेक एवं दिव्य शांतिधारा का आयोजन होगा। सुबह 9 बजे श्रीजी की भव्य शोभायात्रा पारंपरिक मार्गों से निकाली जाएगी, जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता रहेगी। इसके बाद अभिषेक एवं शांतिधारा का क्रम जारी रहेगा। समाज के सचिव राहुल गंगवाल एवं सह सचिव संजय पाटनी ने आगे के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर 11.30 बजे जैन धर्मशाला में सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है। वहीं शाम 7.30 बजे महाआरती, पालना एवं भजन कार्यक्रम के साथ दिनभर के आयोजनों का समापन होगा। महिला परिषद द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में गत एक सप्ताह से नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में बधाई गीतों का आयोजन कर प्रभावना वितरण किया जा रहा है।

नगर के शांतिनाथ चैत्यालय एवं चंद्रा प्रभु चैत्यालय में बधाई गीत संध्या का आयोजन हो चुका है, जबकि कल शांतिनाथ मंदिर में बधाई गीत का आयोजन रखा गया है। जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा में विशेष रूप से महिलाओं से केसरिया एवं पुरुषों से सफेद वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है। साथ ही समाज के व्यापारियों से अपील की गई है कि वे दोपहर 1 बजे तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर धर्म प्रभावना में सहभागी बनें। दिगंबर जैन संस्था ट्रस्ट ने समाज के सभी बंधुओं, माताओं एवं बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

## पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनोखा तीर, हरदा।** राम नवमी के पावन अवसर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शहर में श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा के दौरान कोशिश पर्यावरण सेवक टीम, नीमगांव ने सराहनीय पहल करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टीम ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लेते हुए सिंगल यूज पॉलिथीन का बहिष्कार किया और




यात्रा मार्ग पर बिखरे पॉलिथीन कचरे को एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके साथ ही टीम द्वारा परशुराम चौक पर निशुल्क जल सेवा भी संचालित की गई। इस सेवा में पारंपरिक धातु के लोटों एवं तांबे के बर्तनों का उपयोग कर लोगों को पानी पिलाया गया, जिससे भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण दोनों का संदेश दिया गया। इस सामाजिक कार्य में मध्य प्रदेश प्रभारी शांतिलाल सारण बिश्नोई, पर्यावरण सेवक सुंदरलाल लोल सहित टीम के अन्य सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। शहरवासियों ने इस पहल की जमकर सराहना की और टीम के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण साबित हुआ।

### महावीर जन्म कल्याणक 31 को

**अनोखा तीर, खिरकिया।**

अहिंसा के अवतार, वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामीजी का जन्म कल्याणक इस वर्ष 31 मार्च, मंगलवार को मनाया जाएगा। यह जानकारी श्री श्वेतांबर जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विक्रम नागड़ा एवं उपाध्यक्ष संदीप सांड ने दी। भगवान महावीर स्वामीजी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 8 से 8.50 बजे तक जैन मांगलिक भवन में जन्म कल्याणक वाचन एवं महावीर प्रार्थना होगी। इसके पश्चात प्रातः 9.30 बजे मंदिरजी से मंडी होते हुए मांगलिक भवन तक वरघोड़ा निकाला जाएगा। दोपहर 12.15 बजे जैन श्वेतांबर मांगलिक भवन में स्वामीवात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3 बजे मंदिरजी में जन्म कल्याणक विशेष पूजा होगी। रात्रि 8 बजे मंदिरजी उपाश्रय में प्रभु भक्ति का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संभव भंडारी एवं दल मंदसौर (दीपाखेड़ा) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंडल द्वारा समाज के सभी लोगों से कार्यक्रमों में सहपरिवार शामिल होने का आग्रह किया गया है।

भूकम्प आपदा

## एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न




**अनोखा तीर, हरदा।**

भूकम्प पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में भूकम्प आपदा जोखिम न्यूनीकरण का एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में हरदा जिले के महाविद्यालय एवं विद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा डॉक्टर अभिरूचि सिंह द्वारा किया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर होमगार्ड हरदा जे.एल. कोठारी ने भूकम्प के जोखिम और भेद्यता का अवलोकन, भूकंप की तैयारी एवं सुरक्षा उपायों पर व्याख्यान दिया। सिविल इंजीनियर शिवम आर्या ने लचीला अवसंरचना और जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जानकारी दी। हवलदार दीपक ठाकुर ने हताहतों के परिवहन एवं प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान दिया। प्रशिक्षण में प्लाटून कमांडर जे.एल. कोठारी, हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, आरक्षक कैलाश तोमर तथा होमगार्ड व एसडीईआरएफ के जवानों सहित लगभग 250 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नगर के रामानंद गार्डन में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है। जहां शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने वर्ग को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समय के साथ अपनी कार्यपद्धति में बदलाव किया है, लेकिन अपनी मूल विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं कुशाभाऊ ठाकरे के जीवन से प्रेरणा लेकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के साथ समन्वय स्थापित कर भारत के हितों की रक्षा कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।




### विभिन्न सत्र में आयोजित हुआ प्रशिक्षण वर्ग

मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ 'वंदे मातरम' गीत से हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए, जिनमें राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने संगठन की कार्यपद्धति, पूर्व जिलाध्यक्ष माधव दास अग्रवाल ने संगठन विस्तार एवं प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, प्रेमशंकर वर्मा, संभागीय प्रभारी भरतसिंह राजपूत, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना एवं ज्योति चौरे, वरिष्ठ नेता मनोहर बढ़ानी, जिला मीडिया प्रभारी अमित माहला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्चना पुरोहित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।